Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com
आपकी आवाज के साथ....
RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज
हिन्दुस्तान पत्रिका
HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, मंगलवार 22 अप्रैल, 2025 | वर्षः 2 | अंकः 172 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2.00 रू.

## राजस्थान पुलिस का हेड कॉन्स्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार, केस रफा-दफा करने के लिए लिया था 10000 रुपये

सवाई माधोपुर

राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की लगातार कार्रवाई चल रही है. आए दिन एक रिश्वत लेने से जुड़े मामले में एक न एक गिरफ्तारी हो रही है. सोमवार को सवाई माधोपुर जिले में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. यहां पर एक हेड कॉन्स्टेबल रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक, हेड कॉन्स्टेबल एक मामले को रफा-दफा करने के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था, जिसके बाद उसे 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. एसीबी से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सवाई माधोपुर के रवांजना डूंगर थाने में तैनात हेड



कॉन्स्टेबल रणजीत सिंह को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके खिलाफ दर्ज एक मामले को रफा-दफा करने के लिए हेड कॉन्स्टेबल 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था. इसके बाद एसीबी ने शिकायत के सत्यापन के बाद सोमवार को आरोपी रणजीत सिंह को दस हजार रुपए की राशि प्राप्त करते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. एसीबी की टीम ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल से रिश्वत राशि भी बरामद कर ली है. आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सिविल-सर्विस-डे पर सीएम बोले-जूनियर आपको देखकर सीखते है कि कौनसी स्याही कब और कहां चलानी है

# सही काम करेंगे तो नींद ठीक आएगी : भजनलाल शर्मा

एजेंसी

**जयपुर।** सिविल सर्विस डे के मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि आपको तय करना है कि आपको क्या करना है। देश, समाज और माता-पिता के सम्मान के लिए क्या करना चाहिए। यह विचार आपके मन में रहेगा तो रात को नींद भी ठीक आएगी। किसी तरह की दिक्कत भी नहीं होगी। नहीं तो मैं देखता हूं कई लोग मेरे सामने आते हैं। मैं उनको कई बार देखता हूं, उनके मन में कुछ होता है। लेकिन उन्हें चिंता बहुत सताती है। चिंता का कारण कोई ओर नहीं होता, वे स्वयं होते हैं।

इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अगर हमारे मन में यह विश्वास होगा कि जिस दायित्व पर हम बैठे हैं। उसे पूर्ण करने की दृढ़ इच्छा होगी तो आपको कोई भी चिंता सताने वाली नहीं है। यह विश्वास मैं आपको दिलाता हूं। सीएम भजनलाल शर्मा सोमवार को ओटीएस में सिविल सर्विस डे पर आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



### जूनियर आपसे सीखते है कब कहां, क्या करना है

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- परिवार हो या समाज। नई पीढ़ी हमेशा बड़ों से सीखती है। मैं देखता हूं जो नए-नए अधिकारी आते हैं, वे बिल्कुल साफ, क्लीन और कोरे कागज की तरह आते हैं। वह आपसे सीखते हैं कि मुझे कौन सी स्याही चलानी है। कब चलानी है।

कभी-कभी हम इस बात को भूल जाते हैं। जो नीचे वाला सोच नहीं सकता, जिस रास्ते पर वो जाना नहीं चाहता। हम उसको वो रास्ता दिखा देते हैं। इससे उसका जीवन में भला नहीं होता है, लेकिन उसका बुरा करने की स्थिति हम बना देते हैं।

इस बात का भी हमें विचार करना चाहिए कि जो लोक सेवा में नया आया है उसे हमें कैसा बनाना है। मैं आपको आज स्पष्ट इसलिए बोल रहा हूं कि यह मेरे मन की बात हैं, जो मैं आपसे शेयर करना चाहता हूं। क्योंकि जैसी दृष्टि होगी, आगे वैसा ही काम होगा। इसलिए हम सभी जो सीनियर है, उनकी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। आपने लगता होगा कि कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन राष्ट्र के प्रति, समाज के प्रति हम उसको अंधकार की ओर धकेलने का काम कर रहे हैं। न सारी चीजों को समझते हुए हमें काम करना चाहिए।

### आचरण में कमी होगी तो लोग अंगुली उठाएंगे

कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि एक लोक सेवक के नाते हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती हैं। हमारे व्यवहार पर सबकी नजर रहती हैं। अगर आचरण में कमी होगी तो लोग अंगुली भी उठाएंगे। हमे जो पद मिला है, उसमें अगर हम ऐसे लोगों की मदद करेंगे जिनका नाम और आवाज नहीं है। ऐसे लोगों के लिए अगर आप काम करेंगे तो आपको संतुष्टि मिलेगी। सीएस ने कहा कि मेरे ऑफिस में हमने एक समय निर्धारित कर रखा है। जिसमें मैं बिना किसी अपॉइंटमेंट के लोगों से मिलता हूं। उनकी समस्याएं हल करने का प्रयास करते हैं। लेकिन हर स्तर पर अगर ऐसा होगा तो यह लोगों की बहुत बड़ी सेवा होगी। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और जवाबदेही एक अच्छे लोक सेवक की पहचान है।

### कलक्टर और एसपी को जनसुनवाई करनी चाहिए

सीएम ने कार्यक्रम में वीसी से जुड़े प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों से निरंतर जनसुनवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा जब भी मैं जिलों में जाता हूं तो मेरे सामने छोटी-छोटी समस्याएं आती हैं। इन छोटे-छोटे विवादों और समस्याओं को जनसुनवाई के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। लेकिन आप एक दिन जनसुनवाई करते हैं, फिर गई डेढ़ से दो महीने की। अगर आप इसका रूटीन बना लेंगे तो शुरू में जरूर समय लगेगा। धीरे-धीरे इनकी संख्या कम होती चली जाएगी। इसके साथ ही आप इन कामों की मॉनिटरिंग भी करे। इससे आपको भी संतुष्टि मिलेगी और जनता के काम भी बहुत सुगमता से होते चले जाएंगे।

## दीया कुमारी बोलीं-खादी को बढ़ावा देने से रोजगार मिल सकेगा



जयपुर

राज्य में स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के प्रतीक खादी को बढ़ावा देने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान के पहले खादी डिजाइनर स्टोर 'सेवा' का उद्घाटन किया। यह स्टोर शहर के बीचों-बीच गवर्नमेंट प्रेस चौराहे पर खोला गया है। इससे स्वदेशी के प्रयोग को राज्य में अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके और स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा- खादी या खद्दर हाथ से काते और बुने हुए कपड़े होते हैं। इस पारंपरिक वस्त्र ने हमारे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसे आत्मनिर्भता का प्रतीक माना गया है। खादी को बढ़ावा देने से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा और स्वदेशी को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा- यह स्टोर खादी के आधुनिक परिधान भी शो केस करेगा। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सशक्त हो सकेगा। इसके माध्यम से राज्य की महिला एवं अन्य लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वह पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। राज्य सरकार की ओर से स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए लगातार खादी को बढ़ावा दिया जाएगा।

## ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का निधन

### 88 साल की उम्र में मृत्यु, फेफड़ों में इन्फेक्शन था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। सोमवार रात 11.30 बजे वेटिकन में पोप का शव ताबूत में रखा जाएगा। उनके वेटिकन स्थित सेंट मार्था निवास पर कार्डिनल केविन जोसेफ फैरेल, पोप का शव ताबूत में रखेंगे। बुधवार को उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा जा सकता है।

पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें14 फरवरी को रोम के जेमेली



अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे।

इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था।

पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी।

## देश के कई मंदिर, धार्मिक स्थल आतंकियों के राडार पर

### एनआईए जांच में आईएसआईएस को लेकर बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खूंखार आईएसआईएस (आईएसआईएस) से जुड़े संगठनों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी की जांच में हुए चौंकाने वाले खुलासे में पता चला है कि, आईएसआईएस से जुड़े आतंकवादी संगठनों के सदस्य तमिलनाडु और केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सहित अन्य पड़ोसी राज्यों में धार्मिक स्थलों और मंदिरों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जांच के मुताबिक, आतंकवादी संगठनों के सदस्य तमिलनाडु को इस्लामिक स्टेट बनाने के उद्देश्य से सलाफी-जिहादी विचारधारा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

## खाने के पैसे मांगे तो पुलिसवालों ने ढाबा-मालिक को पीटा, 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

### कान से निकाला खून, जबरन थाने भी लेकर गए

**भिवाड़ी।** पुलिस कर्मियों ने ढाबे पर खाना खाने के बाद जब मालिक ने पैसे मांगे तो उन्होंने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, गुस्साए पुलिसकर्मी ढाबा मालिक को जबरन अपनी गाड़ी में डालकर थाने ले गए। आरोप है कि थाने में भी पुलिसकर्मियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उन्होंने ढाबा मालिक के साथ दोबारा मारपीट की। हमले में ढाबा मालिक के सिर और कान से खून बहने लगा। हालात बिगड़ते देख अन्य पुलिस कर्मियों को बीच-बचाव करना पड़ा और घायल होटल मालिक प्रदीप को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामला रविवार रात को 10.30 बजे खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी का है।

### तीन पुलिसकर्मियों ने शराब पीकर खाना खाया

ढाबा मालिक प्रदीप कुमार ने बताया- भिवाड़ी थाने के कॉन्स्टेबल शांतिलाल, समय सिंह और राम सिंह रविवार रात को 10.30 बजे के करीब फूलबाग स्थित हमारे दिलखुश ढाबे पर पहुंचे। तीनों पुलिसकर्मियों ने ढाबे के सामने गाड़ी में बैठकर शराब पार्टी की और उसके बाद शराब के नशे में खाना खाया। खाना खाकर जैसे ही जाने लगे तो मैंने पुलिस कर्मियों से खाने के 230 रुपए मांगे। तीनों पुलिसकर्मियों ने पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद मैंने छूट देकर 150 रुपए मांगे। इस पर पुलिसकर्मियों ने उखड़ते हुए बात की और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिसकर्मी शांतिलाल ने भिवाड़ी थाने में गाड़ी ड्राइवर अमराराम को फोन किया। जिसके बाद पुलिस की गाड़ी से अमराराम अपने साथ थाने से एएसआई सुरेंद्र सिंह के साथ ढाबे पर पहुंचे।



### मारपीट कर गाड़ी में डाला

इसके बाद पांचों पुलिसकर्मियों ने मेरे और मेरे वर्कर्स के साथ मारपीट शुरू कर दी। गाली गलौज करते हुए मुझे और मेरे मामा हुकमसिंह को जबरदस्ती गाड़ी में डाल दिया। थाने ले जाकर पुलिस कर्मियों ने थाना अधिकारी के केबिन के सामने ही सीढ़ियों पर पटक कर होटल मालिक को बुरी तरह पीटा।

### सीढ़ियों से दे मारा सिर

होटल की मारपीट के वीडियो डिलीट करने के लिए कॉन्स्टेबल शांतिलाल ने टॉर्चर करते हुए मेरी गर्दन अपने पैरों के नीचे दबाई और मोबाइल के पासवर्ड पूछे। मोबाइल पासवर्ड लेकर बनाई हुई फोटो वीडियो डिलीट कर दी। कॉन्स्टेबल ने मेरा सिर सीढ़ियों में दे मारा। जिससे सिर और कान के पास गहरी चोट लग गई और खून बह निकला। मामला बढ़ता हुआ देख अन्य पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया और मुझे अस्पताल ले गए, यहां प्राथमिक उपचार के बाद रात को छुट्टी दे दी।

### डीएसपी को सौंपी जांच

भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही तुरंत प्रभाव से पांचों पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस कर्मचारियों की इस तरह की हरकत किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे मामले की जांच भिवाड़ी डीएसपी कैलाश चौधरी को सौंपी गई है।

## जयपुर में 28 को कांग्रेस की रैली, खड़गे आएंगे

जयपुर

केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश स्तर से लेकर बूथ तक अभियान शुरू करने जा रही है। 28 अप्रैल को जयपुर में कांग्रेस की संविधान बचाओ अभियान की प्रदेश स्तर की रैली होगी। इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई वरिष्ठ नेता आएंगें। खड़गे का संविधान बचाओ रैली के अलावा 2200 मंडल अध्यक्षों की अलग से बैठक को संबोधित करने का भी कार्यक्रम बन रहा है। रैली की जगह तय की जा रही है। 24 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रैली की तैयारियों के लिए बैठक बुलाई गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- संविधान बचाओ अभियान के तहत 28 अप्रैल को जयपुर में प्रदेश स्तरीय रैली होगी, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़े आएंगे। इसके बाद 3 से 10 मई तक सभी जिलों में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां होंगी और विधानसभा स्तर पर 11 मई से 17 मई तक रैलियां की जाएंगी। इसके बाद बूथ स्तर तक भी कार्यक्रम होंगे। डोटासरा ने कहा- 20 मई से 30 मई तक घर-घर अभियान चलेगा। इसके तहत कार्यकर्ता संविधान बचाओ अभियान के तहत लोगों को समझाएंगे की किस तरह से केंद्र सरकार लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में लगी है।

## पीएम मोदी से मिले अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, प्रधानमंत्री आवास पर गर्मजोशी से किया स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और द्वितीय महिला उषा वेंस अपने उनके बच्चों के साथ नई दिल्ली में 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय चर्चा होने की उम्मीद है।

इन दोनों नेताओं की चर्चा भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक, व्यापार और रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित हो सकती है। दोनों नेताओं की आधिकारिक बैठकों के बाद, उप राष्ट्रपति वेंस परिवार सहित जयपुर और आगरा का दौरा करेगा।



### सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम गए वेंस

पीएम मोदी से मिलने से पहले वेंस, अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और अपने तीन बच्चों के साथ, सोमवार को नई दिल्ली के जनपथ स्थित सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम गए, जहां उन्होंने पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प खरीदे।वहीं, वेंस ने स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का भी दौरा किया।

### पालम एयरपोर्ट पर लैंड वेंस का विमान

अमेरिका के उपराष्ट्रपति 4 दिवसीय दौरे के लिए दिल्ली में हैं। इससे पहले वेंस का प्लेन दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जेडी वेंस और उनके परिवार का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया।

### कमलेश प्रजापत एनकाउंटर

## पूर्व मंत्री हरीश चौधरी के खिलाफ सीबीआई को जांच के आदेश

एजेंसी

**जोधपुर।** एसीजेएम सीबीआई केसेज अदालत ने बाड़मेर के कमलेश प्रजापत एनकाउंटर मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को नकारते हुए पाली व बाड़मेर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में प्रसंज्ञान लिया है।

अधिवक्ता अर्जुन सिंह ने बताया कि बाड़मेर के कमलेश प्रजापत एनकाउंटर मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ नाराजी याचिका पेश की थी, जिसके बाद कोर्ट ने कमलेश की पत्नी जशोदा की प्रोटेस्ट पिटीशन पर प्रसंज्ञान लेते हुए तत्कालीन पाली पुलिस अधीक्षक कालूराम रावत, बाड़मेर के



तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा सहित पुलिस के अन्य अधिकारियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में संज्ञान लिया है। वहीं, तत्कालीन राजस्व मंत्री हरीश चौधरी व उनके भाई मनीष चौधरी और जोधपुर रेंज के तत्कालीन आईजी एन। गोगोई के खिलाफ सीबीआई को जांच कर दो माह में रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

### धौलपुर-गंगानगर में पारा 41.8 डिग्री सेल्सियस

## राजस्थान में हीटवेव का अलर्ट, जयपुर-बीकानेर में स्कूलों का समय बदला

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में हीटवेव के अलर्ट को देखते हुई जयपुर और बीकानेर में स्कूलों का समय बदला गया है। जयपुर में प्री-प्राइमरी से 8वीं कक्षा तक के स्टूडेंट का स्कूल का समय सुबह 7.30 से 11.30 बजे तक का रहेगा। वहीं बीकानेर में 8वीं क्लास तक के स्कूल सुबह 7 से 11 बजे तक खुलेंगे।

इधर, बाड़मेर, जोधपुर, उदयपुर में सोमवार दिन के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई, जबकि जयपुर, कोटा, चूरू के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई।

सोमवार को सबसे ज्यादा तापमान धौलपुर,गंगानगर में 41.8 और बाड़मेर में 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चूरू में अधिकतम तापमान 40.4, फलोदी में 40.6, कोटा में 41.1, पिलानी में 41.2 और टोंक में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। जयपुर में पारा 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया।



जोधपुर में भीषण गर्मी से बचने के लिए आरएसी की टीम ने बस के चारों ओर बोरी के टुकड़े बांध दिए।

वहीं, रविवार रात जोधपुर, जैसलमेर समेत कई शहरों में रात के तापमान में भी गिरावट हुई। बारां, सिरोही, फतेहपुर और पाली में बीती रात न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

सबसे गर्म रात कल जयपुर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 22-23 अप्रैल से फिर से गर्मी तेज होने लगेगी।

अगले 2-4 दिन कई शहरों में दिन का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है।

इस कारण 23 अप्रैल को राज्य के 7 जिलों में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

### 17 शहरों में पारा 40 डिग्री से नीचे

राजस्थान में 17 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। इसमें जयपुर के अलावा अजमेर, भीलवाड़ा, सीकर, उदयपुर, बारां, डूंगरपुर, सिरोही, फतेहपुर, करौली, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, हनुमानगढ़, जालोर, प्रतापगढ़ और झुंझुनूं में अधिकतम तापमान 37 से लेकर 39 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

## महिला या बच्चो पर कोई अत्याचार होता है तो उस व्यक्ति की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी-विनय परमार



राजस्थान की राजनीति

**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** डॉ रामकेश सिंह परमार ने अपने सेपऊ रोड पर अपने जयपुर मेडिकल सेंटर पर स्वागत सम्मान किया जिसका मे डॉ साहब और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करता हू विनय परमार ने कहा की राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो ज़िम्मेदारी दी है उसको भली भाँति निभाऊँगा किसी वर्ग किसी भी समाज के पुरुष महिला या बच्चो पर कोई अत्याचार होता है तो उस व्यक्ति की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी सासन प्रशासन पूर्ण रूप से निभाता है मगर कई हमारे समाज में असामाजिक तत्व है जिनकी भय की वजह से सासन प्रशासन के पास नहीं पहुच पाते हम उनकी आवाज को माननीय डीएम महोदय और माननीय एसपी साहब के पास और प्रदेश मे सरकार के सज्ञान मे रखेंगे डॉ रामकेश सिंह जी ने कहा की देश का विकास जभी हो सकता है जब सर्व समाज शिक्षा पर जोर दे उच नीच का भेद मिटाना होगा और विनय जी से अपेक्षा करता हूँ की आप अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति समाज में परिवर्तन जरूर आयेगा अवसर पर धौलपुर निवास पर साथियों ने माला और साफ़ा के साथ ज़ोरदार स्वागत और सम्मान किया । भाई साहब को बधाई और उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएँ । आप मनाव अधिकारों के लिए सच्चाई के साथ संघर्ष करे ।

## अवैध बेसमेट की खुदाई के दौरान गिरी दीवार के मलबे में दबा मजदूर

### नगर परिषद की मिलीभगत से दौसा में है अवैध बेसमेंट की भरमार



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा नगर परिषद क्षेत्र में अवैध बेसमेंट बनाने की होड़ मची हुई है इसके चलते आये दिन कई हादसे हो चुके हैं। लेकिन नगर परिषद की मिली भगत से इन पर कोई अभी तक कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में ही आज दौसा के आगरा रोड पर भवन निर्माण के लिए बेसमेंट की खुदाई के दौरान पास के मंदिर की दीवार गिरने से एक मजदूर मलबे में दब गया। वहां मौजूद आसपास के लोगों ने धमाके की आवाज सुन मलबे में दबे मजदूर को बड़े मशक्कत के साथ मलबे को हटाकर बाहर निकाल कर उसे दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसका उपचार जारी है। हालांकि मजदूर को सही समय पर मलवे से बाहर निकलने से उसकी जान बच गई। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंचे कोतवाली थाना पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुड़ गई है। वहीं थाना अधिकारी सुधीर उपाध्याय ने बताया कि सूचना मिली थी कि आगरा रोड पर एक निर्माण धीन मकान की बेसमेंट की खुदाई के दौरान पास की दीवार गिर गई जिसके चलते उसमें एक मजदूर दब गया जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। घायल मजदूर का नाम छोटेलाल मीणा पुत्र बद्री मीणा निवासी छारेड़ा का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि दीवार गिरते ही जेसीबी ड्राईवर जेसीबी लेकर फरार हो गया। वही मकान मालिक कोई सोनी बताया जा रहा है जिसकी जानकारी पुलिस द्वारा की जा रही है।

## भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन आज

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन रावत पैलेस सोमनाथ चौराहा दौसा में 22 अप्रैल 2025 को प्रातः 11ः00 आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य वक्ता कृष्ण पाल गुर्जर केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रामचरण बोहरा पूर्व सांसद जयपुर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर पीडी शर्मा जिला अध्यक्ष दौसा करेंगे । कार्यक्रम में जिला संयोजक हरकेश मटलाना एवं आने वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक भगवान वर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा बाबा साहब की देश के प्रति उपलब्धियां एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। ताकि आमजन को बाबा साहब के वास्तविक जीवन की उनकी उपलब्धियां की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉक्टर मनीष पहाड़िया किरण डोरिया ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने और समाज को लाभ दिलवाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की है।

# पी.जी. कॉलेज, बाड़ी में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का पहला बैच संपन्न

### विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार वितरित कर प्रोत्साहित किया गया

### पी.जी. कॉलेज, बाड़ी में वाधवानी फाउंडेशन और जगन संकल्प इनोवेशन फाउंडेशन के सहयोग से स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत



राजस्थान की राजनीति

**धौलपुर (दीपू वर्मा)।** बाड़ी वाधवानी फाउंडेशन और जगन संकल्प इनोवेशन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से पी.जी. गवर्नमेंट कॉलेज, बाड़ी में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य कॉलेज के छात्रों ङ्क विशेष रूप से युवा महिलाओं ङ्क के समग्र व्यक्तित्व विकास एवं करियर उन्मुख कौशल को बढ़ावा देना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दो अनुभवी प्रशिक्षक सप्ताह में तीन बार दो-दो घंटे की कक्षाओं का संचालन करते हैं। इन सत्रों में छात्रों को प्रभावशाली संवाद कला, लेखन, आत्म-प्रस्तुति, पारस्परिक कौशल, समस्या समाधान, नवाचार, पेशेवर व्यवहार, ग्राहक केंद्रितता, कार्य उत्पादकता उपकरण, डेटा सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम. के. सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों में आत्मविश्वास का विकास हो रहा है और वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक तैयार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जगन फाउंडेशन और वाधवानी फाउंडेशन के साथ यह साझेदारी युवाओं को उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर कर रही है। कार्यक्रम के समन्वयक दुष्यंत अशोक शर्मा ने कहा कि धौलपुर जिले में शिक्षा का स्तर सुधारने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को न केवल शिक्षा बल्कि जीवन कौशल से भी समृद्ध करना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अभिनव पहल के माध्यम से पी.जी. कॉलेज, बाड़ी में छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन की दिशा तय कर सकें।

# दौसा विधायक डीसी बैरवा धमकी व गाली गलौज करने के मामले में पकड़ा तूल

### आरोपी को गिरफ्तारी के लिए विधायक पत्नी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची जिला कलेक्ट्रेट, दिया धरना



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** प्रदेश में इन दोनों जनप्रतिनिधि और राजनेताओं को धमकी देने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विशेष तौर से दौसा जिले की श्यालावास जेल से सीएम को धमकी मिलने के बाद दौसा विधायक को भी धमकी का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर पिछले दिनों से वायरल हो रहा है। जिसमें दौसा विधायक को जान से मारने की धमकी और गाली गलौज इस ऑडियो में किया गया था। उसके बाद विधायक दीनदयाल बेरवा ने एसपी से मुलाकात कर जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी। लेकिन विगत 5 दिन गुजारने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं होने पर कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रोशित होकर दौसा जिला कलेक्ट्रेट पर विधायक पत्नी के नेतृत्व में पहुंचे। जहां विधायक पत्नी के नेतृत्व में धरना दिया गया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। विधायक पत्नी एवंलवाण पंचायत समिति के प्रधान बिना डीसी बैरवा ने कहा की विधायक जी को धमकी दी गई। गाली गलौज की गई और आरोपी को 5 दिन पहले शिकायत करने के बाद भी अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर आज हमने यहां धरना दिया है और जब तक नहीं हटेंगे तब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाता। वहीं धरना प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर चढ़कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस से भी कार्यकर्ताओं की कहासुनी भी हुई। इसके बाद करीब 21 सदस्य दल ने एसपी से फिर आज मुलाकात कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। अब प्रदेश में जनप्रतिनिधियों को धमकी व गाली गलौज करने पर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने से आमजन में भी पुलिस के प्रति विश्वास कम होता जा रहा है। अब ऑडियो वायरल होने के बाद पूरे दौसा जिले के राजनैतिक गलियारों में खूब चर्चा हो रही है। एसपी और विधायक की 5 दिन मुलाकात के बावजूद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से कार्यकर्ताओं में असंतोष है। अब यह देखने वाली बातों होगी एसपी आखिर विधायक को गाली देने वाले आरोपी को कब गिरफ्तार करेंगे और कब आमजन में पुलिस विश्वास काम करेगी यह देखने वाली बात होगी।

# ग्रामीणों की पुलिस को चेतावनी 3 दिन में गैंगरैप के आरोपी गिरफ्तार नहीं हुये तो हाईवे करेंगे जाम




राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत दिनों हुये गैंगरेप के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष दौसा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुलिस प्रशसन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने एसपी सागर राणा को ज्ञापन भी सोपा गया। 70 वर्षीय पूर्व जिला परिषद सदस्य लल्लू राम सैनी ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा की विगत दिनों सदर थाना क्षेत्र में गैंगरेप हुआ था। जिसमें एक आरोपी को मोके से पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। बाकी आरोपीयो अभी भी फरार हैं जिन्हें पुलिस अभी तक भी गिरफ्तार नहीं कराई कर पाई है पुलिस को हम 3 दिन का अल्टीमेट देते हैं अगर 3 दिन में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो भांडारेज के पास एनएच 21 को जाम किया जाएगा। जिसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। चाहे प्रशासन हमारे साथ कुछ भी करें लेकिन हम हाइवे जाम करके रहेंगे। अगर 3 दिन में प्रशासन ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

## आग लगने से करीब तीन लाख का फर्नीचर जलकर बर्बाद, मामला दर्ज

### पीड़ित दुकानदार ने तीन-चार जनों पर लगाया फर्नीचर में आग लगाने का आरोप



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नदबई कस्बे में हलैना फाटक के समीप स्थित लकडी गोदाम में आग लगने से करीब तीन लाख रुपए का फर्नीचर जलकर बर्बाद हो गया। इससे पहले दुकान मालिक सहित अन्य श्रमिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, दुकान में रखा फर्नीचर जलकर स्वाहा हो गया। मामलें में दुकान मालिक ने एक नामजद सहित तीन-चार अन्य के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार बरौलीरान निवासी रामवीर सिंह राना पुत्र भगवान सिंह, शनिवार देर शाम अपने फर्नीचर गोदाम को बंद कर अपने गांव गया। इसी दौरान कस्बा निवासी सुमित उर्फ टिंकल गोयल पुत्र अशोक गोयल ने तीन-चार अन्य साथियों के साथ मिलकर, गोदाम में रखे फर्नीचर पर केमीकल डालते हुए आग लगाकर फरार हो गए। आग की लपटें देख, समीपवर्ती लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, इससे पहले करीब तीन लाख रुपए का फर्नीचर जलकर बर्बाद हो गया। बाद में करीब एक घण्टा मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया।

## जीवन में स्वस्थ्य रहने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता जरुरी-सरपंच

### महिला सरपंच ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव कटारा में किया श्रमदान



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नदबई क्षेत्र की ग्राम पंचायत कटारा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान शुरु हुआ। जिसका शुभारम्भ ग्राम पंचायत सरपंच मिथलेश राजू फौजदार ने किया। अभियान के तहत महिला सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए ग्रामीणों को जागरुक किया। वही, कचरा संग्रहण करते हुए स्वच्छता रखने का संकल्प दिलाया। इससे पहले महिला सरपंच ने सफाईकर्मियों का माला पहनाकर अभिनंदन किया। बाद में जीवन में स्वस्थ्य रहने के लिए स्वच्छता को जरुरी बताते हुए सफाईकर्मियों की हौसला-अफजाई की। वही, ग्रामीणों को पेयजल की व्यर्थ बर्बादी रोकते हुए समीपवर्ती क्षेत्र में स्वच्छता रखने का आह्वान किया। इस दौरान विकास अधिकारी सौदान सिंह, सहायक अभियंता कृष्णगोपाल शर्मा, ब्लॉक कॉर्डीनेटर रजत शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी अविनाश जैन, राजू फौजदार, विश्वेन्द्र फौजदार आदि मौजूद रहे।

## जलदाय विभाग की पहल- शिविर में होगा पेजयल समस्याओं का समाधान

### शिविर में बकाया वसूली, अवैध कनेक्शन सहित अन्य समस्याओं का होगा समाधान

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** गर्मी में पेयजल समस्याओं को देखते हुए जलदाय विभाग की सराहनीय पहल नजर आ रही। जलदाय विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र में मंगलवार से 30 अप्रेल तक अलग-अलग जगह शिविर का आयोजन होगा। जिसमें बकाया वसूली, अवैध कनेक्शन को नियमतिकरण करने सहित अन्य समस्याओं का मौके पर ही समाधान होगा। सहायक अभियंता समय सिंह सैनी ने मंगलवार को कासगंज रोड़, 23 अप्रेल को रविदास आश्रम, 24 अप्रेल को वेयर हाउस कॉलोनी, 25 अप्रेल को पंजाबी शाला स्कूल, 26 अप्रेल को गांधी पॉर्क, 27 अप्रेल को कोली धर्मशाला, 29 अप्रेल को उपाध्याय टैंट हाउस व 30 अप्रेल को कटरा स्कूल में शिविर आयोजित होने के बारे में बताया।

# कस्बे के सीताराम मंदिर पर राधा-रानी व भगवान कार्तिकेय की हुई प्राण प्रतिष्ठा

राजस्थान की राजनीति



**नदबई।** क्षेत्र के बीच का पाड़ा स्थित श्री सीताराम मंदिर में सोमवार को धार्मिक वातावरण में भगवान राधा रानी और भगवान कार्तिकेय की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत रूप से संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिभाव, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसे आचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री ने संपन्न कराया। आचार्य शास्त्री ने धर्मशास्त्रों के अनुसार मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठित करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, आस्था और भगवान के प्रति समर्पण का महत्व समझाया। मूर्ति स्थापना के उपरांत मंदिर प्रांगण में भव्य भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कीर्तन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत राधा रानी के मधुर भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और कई श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए नृत्य भी करते नजर आए। पूरा वातावरण ÷राधे-राधे÷ के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर हरीश कटारा, सतीश चंद्र, रमेश चंद्र, दिनेश चंद्र, लक्ष्मी नारायण, गोपाल राम और सीताराम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# माइनिंग प्लान व माइनिंग योजनाओं का 1 मई से होगा ऑनलाईन अनुमोदन, खनिज लीजधारकों व क्वारी लाइसेंसधारकों के समय की होगी बचत -टी. रविकान्त

## माइनिंग सेक्टर में प्रक्रिया के सरलीकरण की दिशा में बड़ा कदम

## पारदर्शी होगी व्यवस्था, तयसमय सीमा में होगा निष्पादन

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के माइनिंग सेक्टर में समय समय पर प्रक्रिया के सरलीकरण और पारदर्शी व्यवस्था के तहत लिए गए निर्णयों के क्रम में अब माइनिंग प्लान के अनुमोदन की प्रक्रिया सहित अन्य कार्यों को भी ऑनलाईन करने का निर्णय किया है। प्रमुख शासन सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य के खनिज विभाग की अप्रधान खनिज लीजों व क्वारी लाइसेंसधारी खानों का माइनिंग प्लान व माइनिंग योजनाओं के अनुमोदन की प्रक्रिया एक मई से ऑनलाईन होगी। विभाग द्वारा पारदर्शी व्यवस्था के तहत माइनिंग प्लान व माइनिंग योजनाओं की स्वीकृति के साथ ही खनिज विभाग से संबंधित नोड्यूज भी एक मई से ऑनलाईन जेनरेट होगा वहीं अब आरसीसी ईआरसीसी ठेकों से जारी होने वाली रसीदें भी एक मई से मेन्युअल के स्थान पर ऑनलाईन दी जाएगी। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि नई व्यवस्था से करीब 30 हजार अप्रधान खनिज लीजधारक और क्वारी लाइसेंसधारक लाभान्वित हो सकेंगे वहीं उन्हें अब खनिज विभाग के कार्यालयों में चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अप्रधान खनिजों के माइनिंग लीजधारकों व क्वारी लाइसेंसधारकों को माइनिंग प्लान व माइनिंग स्कीम का अनुमोदन करवाना होता है। नियमानुसार विभाग द्वारा 90 दिवस में अनुमोदन की कार्रवाई पूरी करनी होती है पर अनुमोदन में इससे अधिक समय भी लग जाता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन प्रक्रिया में लीजधारक द्वारा माइनिंग प्लान व माइनिंग योजना के अनुमोदन के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा और अनुमोदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने से कार्य में पारदर्शिता, समयवद्धता के साथ ही लीजधारक के समय की बचत व अनावश्यक असुविधा से राहत मिल सकेगी। ऑनलाईन व्यवस्था होने से लीजधारक अनुमोदन प्रक्रिया की प्रगति से भी अवगत हो सकेंगे और तय समयसीमा में ही अनुमोदन कार्रवाई पूरी हो सकेगी। रविकान्त ने बताया कि आरसीसी-ईआरसीसी ठेकों पर अभी तक मेन्युअल रसीद दी जाती है। एक मई से ठेकों की रसीद भी ऑनलाईन जेनरेट होकर ही मिलेगी। इससे सरकारी राजस्व में होने वाली छीजत को भी प्रभावी तरीके से रोका जा सकेगा। इसी तरह से लीजधारक खनिज विभाग से नोड्यूज के लिए भी ऑनलाईन आवेदन कर बकाया नहीं होने की स्थिति में नोड्यूज प्रमाणपत्र भी ऑनलाईन जेनरेट कर सकेंगे। निदेशक माइन्स दीपक तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा ऑनलाईन के तीनों मॉड्यूल्स तैयार कर लिये हैं और एक मई से ऑनलाईन व्यवस्था को परिचालन में लाना शुरु कर दिया जाएगा। इससे व्यवस्था का सरलीकरण, पारदर्शिता और तय समय सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित हो सकेगा।

## डेयरी उत्पादों को विश्व स्तरीय ब्रांड बनाएंगे

# पशुपालन मंत्री मंत्री ने बाड़मेर डेयरी का निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं शुद्धता बरकरार रखने के दिये निर्देश



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को बाड़मेर डेयरी का निरीक्षण कर अधिकारियों को सरस उत्पादों की गुणवत्ता एवं शुद्धता बरकरार रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पशुपालन मंत्री ने बाड़मेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बाड़मेर कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादों के निर्माण, विपणन,बिक्री आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप डेयरी उत्पादों के क्षेत्र में सरस को विश्वस्तरीय ब्रांड बनाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने डेयरी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन सरस उत्पादों की मांग अधिक है, उनके उत्पादन में वृद्धि की जाए, साथ ही गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग की बजट घोषणाओं को समय पर लागू करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग कर पशुपालकों को राहत प्रदान करें। इस दौरान चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर जिला कलक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया, कक्षा-8 तक पढ़ाई प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक

## कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ के लिए यथावत रहेगा समय

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए एवं आगामी दिवसों के लिए मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार तापमान वृद्धि से भीषण गर्मी, लू की संभावना को देखते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा-8 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय में परिवर्तन किया गया है। जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसे लेकर आदेश जारी किये हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 08वीं तक के विद्यार्थियों का 22 अप्रैल से सत्रान्त तक विद्यालय समय प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों की कक्षा 09 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों, समस्त स्टाफ व संचालित अन्य परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। उक्त आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम–2005 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त का दो दिवसीय जयपुर दौरा

# ईवीएम वेयरहाउस की व्यवस्था पर संतोष जताया

## सीईओ ने सभी जिलों में ईवीएम गोदामों में व्यवस्था पर रिपोर्ट मांगी



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान के सभी जिलों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के रख रखाव और सुरक्षा व्यवस्था के सभी मापदंडों की कड़ाई से पालना करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग द्वारा जयपुर में ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वेयरहाउस में वोटिंग मशीनों की बेहतरीन सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। इसके उपरांत राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को ईवीएम वेयरहाउस पर सुरक्षा मानकों की पालना पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।
महाजन के निर्देशानुसार, सभी डीईओ आयोग के सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित होने की पालना रिपोर्ट 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करेंगे।

जयपुर ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान गर्ग ने बताया कि आयोग के मानकों के अनुसार ईवीएम गोदामों में निम्न व्यवस्था होना आवश्यक है–
1. निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति आवश्यक रूप से सुनिश्चित हो।
2. जिला निर्वाचन अधिकारी मासिक और त्रिमासिक आधार पर स्वयं निरीक्षण करें।
3. वेयरहाउस के गेट पर ताले और सील की निरीक्षण के दौरान जांच की जाए।
4. सीसीटीवी कैमरों का संचालन दुरुस्त किया जाए और फुटेज का लिंक पुलिस गार्डरूम में उपलब्ध कराया जाए।
5. सभी अग्निशमन यंत्रों की जांच की जाए और उनके रखरखाव की अंतिम तिथि के अनुरूप समय पर जांच होना सुनिश्चित किया जाए।
6. ईवीएम वेयरहाउस में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जाए।
सीईओ महाजन ने निर्देश दिए हैं कि सभी डीईओ स्वयं ईवीएम गोदामों का निरीक्षण कर 30 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आयोजित

# जनप्रतिनिधि की सजगता एवं प्रशासन के आत्मविश्वास से हर समस्या का समाधान संभव- भूपेंद्र यादव

## जिला प्रशासन ने किताब भेंट कर भूपेंद्र यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना के साथ कार्य कर जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करें। यादव ने योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सुनिश्चित करें कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को पहुचाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को समय पर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्व में जारी सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए आगामी बैठकों में पूर्ण रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान अधूरी परियोजनाओं और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य नहीं करने वाले और कार्य अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजस्थान में खैरथल–तिजारा जिले की 18 रैंक को सुधारने हेतु समयबद्ध कार्य योजना बनाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंप एवं ट्यूबवेल की कार्यशीलता सुनिश्चित करने हेतु सर्वे कर रिपोर्ट कार्यालय को प्रस्तुत करने और आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने समय सीमा में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कंटिंजेंसी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया। कंट्रोल रूम में पेयजल की कुल 24 शिकायतों में से शेष 8 शिकायतों का आज ही निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। उन्होंने बजट घोषणाओं पर अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा कर तय समय सीमा में सभी बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण विषय में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनप्रतिनिधि की सजगता और प्रशासन के आत्मविश्वास से किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। केंद्रीय वन मंत्री ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने नगर निकायों द्वारा संचालित स्वच्छता अभियानों की प्रगति की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यह मानसिकता न रखें कि कार्य केवल उच्च स्तर पर ही संपादित होना है। यदि किसी कारणवश कार्य में उच्च स्तर पर विलंब हो रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत उनके कार्यालय, उन्हें स्वयं अथवा संबंधित स्थानीय विधायक को दी जाए ताकि समय पर समस्याओं का समाधान कर आमजन को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। केंद्रीय मंत्री ने नगर परिषद खैरथल, तिजारा एवं किशनगढ़ बास में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु डीएलबी स्तर पर की गई टेंडर प्रक्रिया का सतत फॉलोअप कर कचरा निस्तारण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, उन्होंने खैरथल-तिजारा जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने और जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक नागरिकों को जागरूक किया जाए और उन्हें रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजनाष केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसके माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाना हमारा साझा लक्ष्य है। इसी सोच और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श सोलर ग्राम योजना के तहत चयनित ग्रामों वल्लभ ग्राम, बुढ़ीबावल, मोठूका, सोडावास, पेहल और हरसोली में सुदृढ़ कार्य योजना तैयार कर इन्हें आदर्श सोलर ग्राम के रूप में विकसित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी, मुंडावर विधायक ललित यादव, जिला कलक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्यैष्ठा मैत्रेयी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीडा, अतुल प्रकाश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंदर, तिजारा प्रधान जयप्रकाश यादव, कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सांगवान सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# लोक सेवा दिवस 2025 समारोह, नवाचार व उत्कृष्ट कार्यों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवकों को किया पुरस्कृत

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता व राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार का हुआ वितरण

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर के हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में सोमवार को लोक सेवा दिवस-2025 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 व राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा को दिसंबर 2024 में ÷राईजिंग राजस्थान÷ कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए, देवराज, निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग को जीवित प्रमाणपत्र के ऑनलाइन वेरिफिकेशन संबंधित नवाचार के लिए तथा डॉ. विपिन माथुर, प्राचार्य, RNT मेडिकल कॉलेज, उदयपुर को ÷मेरा अस्पताल मेरी जिम्मेदारी÷ नवाचार के लिए संस्था/विभाग श्रेणी में मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया। वहीं, व्यक्तिगत श्रेणी में यह पुरस्कार सुप्रज्ञा केवलरमानी, संभागीय आयुक्त, उदयपुर को जनजाति बहुल क्षेत्रों में ÷लक्ष्य ओलंपिक÷ का आयोजन कर लेक्रोस खेल के कौशल में उत्कृष्टता हेतु प्रेरित करने के लिए, श्रीमती शुभम चौधरी, जिला कलेक्टर, सवाई माधोपुर को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के लिए तथा डॉ. धीरज कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जोधपुर को निविदा आधारित ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम में नवाचार एवं सफल संचालन के लिए प्रदान किया गया। इसी क्रम में अनिल कुमार बेनीवाल, पुलिस अधीक्षक, सिरोही को ऑपरेशन परवाज एवं महिला बीट सिस्टम संचालित करने के लिए, मानस सिंह, उप वन संरक्षक, भरतपुर को केवलादेव नेशनल पार्क में ई-व्हीकल शुरु करने एवं [illegible] तकनीक का प्रयोग करने के लिए तथा श्रीमती सुमन मालीवाल, जेल अधीक्षक, बीकानेर को कैदियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 दिया गया।

### इन अधिकारियों को मिला राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोक सेवा दिवस के अवसर पर प्रमुख शासन सचिव, वैभव गालरिया को वर्ष 2024 में (कृषि विभाग हेतु) तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हेल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, श्रीमती प्रियंका गोस्वामी को वर्ष 2024 में संपर्क पोर्टल पर लोक शिकायतों के प्रभावी समाधान में राहत संतुष्टि प्रतिशत में सर्वाधिक वृद्धि करने के लिए पुरस्कृत किया। साथ ही, मुख्यमंत्री शर्मा ने आयुक्त, सुरेश कुमार ओला को वर्ष 2024 में (निदेशालय स्थानीय निकाय हेतु) व श्रीमती रूकमणी रियार, आयुक्त नगर निगम, जयपुर ग्रेटर को वर्ष 2024 में संपर्क पोर्टल पर लोक शिकायतों के प्रभावी समाधान द्वारा औसत निस्तारण समय में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संपर्क पोर्टल पर लोक शिकायतों का वर्ष 2024 में प्रभावी समाधान करने के लिए जिला कलक्टर के रूप में आशीष गुप्ता (अलवर), अजय सिंह राठौड़ (झालावाड), गौरव अग्रवाल (जोधपुर), सुचिन्मयी गोपाल (झुन्झुनू), कमर उल जमान चौधरी (सीकर), बाल मुकुन्द असावा (डीडवाना-कुचामन), डॉ. निशांत जैन (बाड़मेर), श्रीमती अंजलि राजोरिया (प्रतापगढ़) तथा डॉ. इंद्रजीत यादव (बांसवाडा) को राजस्थान संपर्क पोर्टल पुरस्कार प्रदान किया गया।

# अजमेर में पंचकल्याणक महोत्सव में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने लिया महाराज का आशीर्वाद



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जैसवाल जैन समाज द्वारा निर्मित जिनशासन तीर्थ क्षेत्र अजयनगर, अजमेर में रविवार से पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक आयोजन में देशभर से धर्मानुरागी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। 41 साधु-साध्वियों के दिव्य सान्निध्य में चल रहे महोत्सव में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं विधायक अनिता भदेल ने महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पुण्य अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने आचार्य वसुंनंदी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर जैन धर्म के तप, त्याग और अहिंसा के मूल्यों की सराहना की। डॉ बैरवा ने जिनशासन तीर्थ क्षेत्र के निर्माण और आयोजन को समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बताया तथा जैसवाल जैन समाज को इस भव्य महोत्सव के आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाराज के प्रवचनों से जीवन में आध्यात्मिकता की वृद्धि होगी, साथ ही समस्त धर्म प्रेमियों के मन शुद्ध होंगे। अजमेर दक्षिण विधायक श्रीमती अनिता भदेल ने आचार्यवसुंनंदी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर कहा कि महाराज का आगमन समस्त अजमेर के लिए सौभाग्यशाली होगा। इस अवसर पर उपमहापौर नीरज जैन, अध्यक्ष रमेश सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कुश्ती सिर्फ एक खेल नहीं हमारी विरासत भी है कोटा में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व की बात -उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** कोटा जिले के रघुराई एंडो स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महिला वर्ग पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की एवं विजेता महिला पहलवानों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए।
इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कुश्ती सिर्फ एक खेल नहीं हमारी परम्परा एवं संस्कृति का एक हिस्सा है। हमारे देश में दशकों से कुश्ती एवं दंगल का आयोजन मेलों और त्यौहारों में होता आया है। कुश्ती एक तरह से हमारी विरासत है।
उन्होंने कहा कि ओलम्पिक में हमारे देश के पहलवानों ने कुश्ती में कई मेडल जीते हैं। इस खेल को आगे बढ़ाने में महिला पहलवानों का भी काफी योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार अंडर 20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का राजस्थान में आयोजन लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के प्रयासों से सम्भव हुआ है। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का कोटा में आयोजन पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजस्थान को चुनने



के लिए राष्ट्रीय कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष संजय सिंह एवं राजस्थान कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष राजीव दत्ता को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि कोटा में इस आयोजन से हाड़ौती क्षेत्र में कुश्ती को बढ़ावा मिलेगा एवं यहां की लड़कियां कुश्ती प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगी।
उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना वर्चस्व स्थापित कर रहे हैं। ओलम्पिक, एशियन गेम्स एवं कॉमन वेल्थ खेलों में देश के लिए मेडल जीत रहे हैं। कुश्ती में काफी संभावनाएं हैं और ऐसे आयोजनों से राजस्थान के खिलाड़ियों को भी एक्सपोजर मिलेगा और वे प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि कुश्ती जैसे खेलों में अब लड़कियां भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। इन प्रतियोगिता ने लड़कियों को अच्छा प्लेटफॉर्म दिया है।
उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 50 किलो महिला वर्ग कुश्ती में प्रथम रही हरियाणा की विनिता, द्वितीय रही महाराष्ट्र की गौरी, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से रही दिल्ली की श्रुति एवं कर्नाटक की श्वेता को मेडल पहनाए एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए।
इस अवसर पर कुश्ती फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय सिंह ने कहा कि राजस्थान में इस आयोजन से यहां कुश्ती को बढ़ावा मिलेगा एवं कुश्ती का खेल नई ऊंचाईयों को छुएगा। कार्यक्रम को विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा एवं राजस्थान कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष श्री राजीव दत्ता एवं अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

# मानव सभ्यता को बचाने के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी

विश्व पृथ्वी दिवस



ललित गर्ग

**आज पॉलीथीन पृथ्वी के लिये सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई है। इसके नष्ट न होने के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इनको जलाने से निकलने वाला धुआँ ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है जो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है। देश में प्रतिवर्ष लाखों पशु-पक्षी पॉलीथीन के कचरे से मर रहे हैं। हमें वर्षा के जल को पुनः उपयोग में लाने वाली प्रणाली को विकसित करना होगा। हमें बिजली की बबार्दी को भी रोकना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं है जब हम अंधेरे में ही अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हो जायेंगे।**

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आह्वान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह', जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निमार्ता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके।

आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की



पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है।

जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्त्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफ वार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्त्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे. खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

आज पॉलीथीन पृथ्वी के लिये सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई है। इसके नष्ट न होने के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इनको जलाने से निकलने वाला धुआँ ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है जो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है। देश में प्रतिवर्ष लाखों पशु-पक्षी पॉलीथीन के कचरे से मर रहे हैं। हमें वर्षा के जल को पुनः उपयोग में लाने वाली प्रणाली को विकसित करना होगा। हमें बिजली की बबार्दी को भी रोकना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं है जब हम अंधेरे में ही अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हो जायेंगे। हमें कागज के उपयोग को सीमित करना होगा, क्योंकि कागज पेड़ों की लकड़ी से बनता है जिसके लिए हमें बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ते हैं। आजकल भूमि भी जहरीली होती जा रही है जिससे उसमें उगने वाली वनस्पतियों में विषाक्तता बढ़ती जा रही है। प्रकृति से सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। अन्यथा निकट भविष्य में मानव सभ्यता का अंत दिखाई दे रहा है।

## संपादकीय

### बयानबाजी में तल्खी

वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवाल उठाए जाने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को तल्ख अंदाज में सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून यदि शीर्ष अदालत ही बनाएगी को संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। दुबे ने ह्यएक्सह्ल कर अपने पोस्ट में अपने कथन की बिना व्याख्या किए यह सब लिखा है। इसी तरह का बयान भाजपा के राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा ने भी दिया है। अपने नेताओं के बयानों से घिरी भाजपा ने औपचारिक रूप से खुद को इन बयानों से अलग कर लिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शब्द कहा कि दुबे या शर्मा के बयान उनके व्यक्तिगत विचार है, और पार्टी इनसे सहमत नहीं है।

भाजपा सांसदों के बयानों पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार करते हुए इन बयानों को अपमानजनक बताया। दुबे और शर्मा की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई चल रही है। यह अधिनियम इस महीने की शुरूआत में संसद ने पारित किया था। अदालत द्वारा इस कानून के कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर सवाल उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने अगली सुनवाई तक उन्हें लागू न करने पर सहमति व्यक्त की है।

इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि देश में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे अेर कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और ह्यसुपर संसदह्ल के रूप में काम करेंगे। दरअसल, धनखड़ सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र कर रहे थे जिसमें राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय की गई है। उनका कहना था कि पहली दफा है जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है।

शीर्ष अदालत द्वारा कोई सवाल उठाने या मौखिक टिप्पणी करने पर असहज होना परिपक्वता की कमी का परिचायक है। वैसे भी ये सवाल किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति द्वारा नहीं उठाए थे कि इनमें राजनीतिक अर्थ खोजे जाएं। सुप्रीम कोर्ट और देश की तमाम अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। संविधान के संरक्षण का मजबूत आधार हैं। उत्पीड़ित महसूस कर रहा पक्ष अदालत का दरवाजा खटखटाता है। उसे विश्वास होता है कि उसका पक्ष अनसुना नहीं रहेगा। अदालतों पर उसका विश्वास है, जो किसी सूरत डमगमाना नहीं चाहिए। राजनीतिक मंतव्यवश हल्की बयानबाजी से बचा चाहिए।

## चिंतन-मनन

### मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका।

जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सवार्गीण विवेचन उपलब्ध है।

मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं। वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा। क्योंकि जीवन की सार्थकता भी मृत्यु पर

## 22 बैंक खाते में पैसा, सोने-चांदी के गहने; जयपुर में 2 फॉर्म हाउस... PHED इंजीनियर ने बटोरी बेहिसाब संपत्ति

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में पीएचईडी के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के खिलाफ एसीबी का एक्शन अभी जारी है. सोमवार को बांसवाड़ा में तैनात PHED के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के बैंक लॉकर खोले गए. इस दौरान बैंक लॉकर से आधा किलो सोना मिला है, जिसकी बाजार में 45 लाख रुपये कीमत बताई जा रही है. इससे पहले रविवार को इंजीनियर अशोक कुमार जांगिड़ के ठिकानों पर एसीबी की रेड में 35 लाख रुपये के सोने और चांदी के गहने मिले थे. साथ ही 2 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए थे.

55 बेनामी संपत्तियां मिली

PHED के इंजीनियर के जयपुर, पावटा (कोटपूतली), मौजमाबाद, उदयपुर, अजमेर और मालपुरा (टोंक) स्थित ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी में 55 बेनामी संपत्तियां, माइनिंग और खनन कारोबार में निवेश, फार्म हाउस, शॉपिंग मॉल, करोड़ों की जमीन, सोने-चांदी के जेवर और कैश बरामद हुआ. जयपुर के पावटा में 4 बीघा और 40 बीघा में



फैले दो फार्म हाउस, तीन मंजिला शॉपिंग मॉल और कई व्यावसायिक भवन मिले.

### बेटे के नाम क्रेशर, माइनिंग लीज

इसके अलावा पावटा क्षेत्र में बेटे के नाम पर क्रेशर, पॉलिशिंग मशीन, खदानें, माइनिंग लीज व भारी मशीनरी मिली. जन स्वास्थ्य और अभियंत्रण विभाग के इंजीनियर ने निजी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोचिंग सेंटर, फार्मा कंपनियों और पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में निवेश कर रखा है, जिसका भी खुलासा हुआ.

### 22 बैंक खाते में जमा रकम

सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के परिवार के नाम 22 बैंक खातों में 21 लाख रुपए मिले हैं. वहीं बच्चों की स्कूली शिक्षा, कोचिंग और उच्च शिक्षा पर 30 लाख रुपए खर्च किए जाने के रिकॉर्ड भी ACB को मिले हैं. उसने फर्जी तरीके से अब तक लगभग 11.50 करोड़ रुपये की संपत्ति इकट्ठा की थी, जोकि उसकी आय से 161 प्रतिशत अधिक संपत्ति है.

### बेटे के नाम 54 संपत्तियां

एसीबी की तलाशी में तलाशी के दौरान अशोक जांगिड़ के पास से 54 अचल संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं, जिनमें 19 उनके नाम, 3 पत्नी के नाम और 32 बेटे निखिल जांगिड़ के नाम हैं.ष्ठक्कको कई ऐसी संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं जिनका जांगिड़ की घोषित आय से कोई संबंध नहीं है. जांच में 4 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति का दस्तावेजी रिकॉर्ड मिल चुका है.

## नगर निगम हेरिटेज चेयरमैन ने अधिकारियों के खिलाफ खोला मोर्चा

### बोले- जनता के पैसों की फिजूल खर्ची कर रहे XEN योगेश और AEN भरत मीणा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम में संचालन समितियां के गठन के साथ ही विवाद शुरू हो गया है। सोमवार को नगर निगम के लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा ने निगम अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने कहा- नगर निगम के अधिकारी खुद को तानाशाह समझ रहे हैं। मुख्यालय के XEN और AEN दोनों न सिर्फ आम जनता के पैसों की फिजूल खर्ची कर रहे हैं। बल्कि, जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का भी अपना कर रहे है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, जयपुर नगर निगम हेरिटेज के लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा जनता की समस्याओं को लेकर सोमवार को AEN भरत मीणा से मिलने पहुंचे थे। जहां भरत मीना उनके कक्ष में मौजूद नहीं थे। लेकिन उनके कक्ष का AC, पंखा और लाइट सुबह से ही चालू थे। लगभग 1 घंटा इंतजार करने के बाद भी जब भरत मीणा मौके पर नहीं पहुंचे। तब लाइट समिति चेयरमैन उत्तम शर्मा ने उनसे जनता के मुद्दों पर बात करनी चाही। भरत मीणा ने शर्मा से ही बदतमीजी करते हुए फोन पर ही अभद्रता करना शुरू कर दिया। मीणा ने कहा कि आप जैसे काफी नेता आए और गए। मुझे आप जैसे लोगों से फर्क नहीं पड़ता है। मैं इसी अंदाज में काम करूंगा, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।

## किरोड़ी लाल की तरफ से 10 लाख का मुआवजा, संविदा पर एक नौकरी... 32 घंटे बाद ग्रामीणों ने सड़क से उठाया

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी में मृतक महिला के शव के साथ ग्रामीणों का धरना सोमवार को आखिरकार समाप्त हो गया. कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के आश्वासन के बाद परिजन और ग्रामीण धरनास्थल से हटने को तैयार हुए. 32 घंटे के बाद शव को सड़क से उठाया और पोस्टमार्टम के लिए बामनवास अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया. कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल ने मृतक परिवार को अपनी तरफ से 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया. साथ ही परिवार में से किसी एक को संविदा पर नौकरी दिलवाने और आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया.

### लूट के इरादे से महिला की हत्या

जानकारी के मुताबिक, 50 वर्षीय उर्मिला देवी मीणा जब खेतों की ओर चूल्हे के लिए लकड़ी लेने गई थी. तभी आरोपियों ने मौका भांप कर लूटपाट करने की नीयत से उर्मिला मीणा का गला रेत कर व पैर काटकर निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी. यही नहीं, आरोपियों ने बड़ी ही निर्ममता से वारदात को अंजाम देते हुए महिला के दोनों पैर भी काट



दिए और चांदी के कड़े लूट लिए. कटे हुए दोनों पैरों को पास ही में एक फार्म पौंड में फेंक दिया. घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैली और सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण एकत्रित हो गए. गुस्साए लोगों ने बामनवास गढ़मोरा मार्ग जाम कर दिया और सड़क पर ही शव को लेकर बैठ गए.

### शव के साथ धरने पर बैठे ग्रामीण

रविवार से ही ग्रामीण 50 वर्षीय मृतका उर्मिला मीणा के शव को लेकर सड़क पर रास्ता जाम करके बैठे हुए थे. पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों की समझाइश का दौर भी लगातार चलता रहा. विधायक इंद्रा मीणा भी मौके पर पहुंची, लेकिन किसी तरह की कोई सहमति नहीं बनी. उसके बाद सोमवार (21 अप्रैल) को डॉक्टर किरोडी लाल मीणा धरनास्थल पर पहुंचे. किरोड़ी लाल के बुलावे पर पहुंची पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन प्रदान किया. वहीं, मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने अपनी ओर से 10 लाख रुपए का मुआवजा, मृतक परिवार में से किसी एक को संविदा पर नौकरी दिलवाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया. उसके बाद ग्रामीणों में आखिरकार सहमति बनी और 32 घंटे बाद शव को सड़क से उठाया. पोस्टमार्टम के बाद कल मतृका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

महिला की हत्या कर लूटे गहने- ग्रामीणों का धरना समाप्त

## गवर्नमेंट हॉस्पिटल पहुंचाया शव, पैर काटकर डेढ़ किलो चांदी के कड़े ले गए थे बदमाश

राजस्थान की राजनीति

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी के बामनवास क्षेत्र में महिला की हत्या कर चांदी के कड़े लूटने के मामले में ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया है। ग्रामीणों और परिजनों में सहमति बनने के बाद में शव को धरना स्थल से उठाकर बामनवास गवर्नमेंट हॉस्पिटल ले जाया गया है। धरना स्थल से आवागमन भी शुरू हो गया है और मौके पर लगा टेंट भी खोला जा रहा है।

घटना को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों व परिजनों से सोमवार को प्रशासन, कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा विधायक इंदिरा मीणा ने घंटों तक की बातचीत की। इस दौरान मृतका के बेटे को संविदा पर नौकरी, 10 लख रुपए मुआवजा, अन्य सरकारी सहायता तथा 4 से 5 दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा की गई। जिसके बाद देर शाम ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। जिसके बाद शव को बामनवास गवर्नमेंट हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

### हत्या कर लूटे गहने



50 वर्षीय उर्मिला देवी सुबह 7 बजे अपने खेत पर ईंधन लेने गई थीं। अज्ञात बदमाशों ने उनका गला रेत दिया। इतना ही नहीं, बदमाशों ने उनके दोनों पैर काट दिए। पैरों में पहने डेढ़ किलो वजनी चांदी के कड़े और गले का मंगलसूत्र लूट लिया। बदमाशों ने कटे हुए पैरों को 50 फुट दूर पानी के कुंड में फेंक दिया।

जब उर्मिला लंबे समय तक घर नहीं लौटीं, तो परिजन उन्हें खोजने खेत पहुंचे। वहां उनकी लाश मिली। पानी के कुंड से दोनों कटे पैर भी बरामद हुए। सूचना मिलते ही बामनवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों का सुराग नहीं लगा पाई तो नाराज ग्रामीणों ने धरना शुरू कर दिया था।

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की उपलब्धि

## तीन छात्राओं को एनएसएस में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राजस्थान सरकार ने महाविद्यालय की तीन स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। कल्पना विश्वकर्मा, तनिषा सैदावत और वर्णिता अग्रवाल को यह सम्मान 16 अप्रैल 2025 को प्रदान किया जाएगा। तीनों छात्राओं ने लगातार तीन वर्षों तक एनएसएस में उल्लेखनीय कार्य किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल के अनुसार, इन स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में सराहनीय योगदान दिया है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के कई शिविरों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व भी किया है। यह पुरस्कार महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।

मनोज मुदगल ने अतिक्रमण समिति अध्यक्ष का संभाला पदभार

## बोले- जयपुर में अवैध कब्जों के खिलाफ चलेगा अभियान



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अब अभियान के तहत कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को नगर निगम हेरिटेज में अतिक्रमण समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज मुदगल ने पदभार ग्रहण करने के बाद इसकी घोषणा की। इस दौरान मेयर कुसुम यादव समेत प्रमुख समितियों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे। इस दौरान अतिक्रमण निरोधक समिति के अध्यक्ष मनोज मुदगल ने कहा कि जयपुर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम हेरिटेज द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। ताकि ऐतिहासिक गुलाबी नगरी जयपुर को करेगा अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि चारदिवारी सहित हेरिटेज नगर निगम में अवैध निर्माण और अतिक्रमणों की वजह से गलियों और प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ गई है। ऐसे में नगर निगम हेरिटेज के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रॉपर प्लानिंग से अतिक्रमण केखिलाफ अभियान चलाया जाएगा। मुदगल ने कहा कि यह शहर हम सबका है। ऐसे में किसी भी निर्माण से पहले अपने भवन निर्माण की स्वीकृति नगर निगम से लेकर ही निर्माण कार्य शुरू करें। जिससे आम जनता को भी किसी तरह कि समस्या नहीं उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि जल्द ही जयपुर के सभी प्रमुख व्यापार संघ के पधाधिकारियों के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याओं का भी समाधान करेंगे।

ब्राह्मण समाज का अनुराग कश्यप के खिलाफ प्रदर्शन

## पावटा में निकाली शव यात्रा, पुतला फूंका, सार्वजनिक माफी की मांग



राजस्थान की राजनीति

**कोटपूतली।** फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में सोमवार को पावटा में प्रदर्शन हुआ। राजस्थान जिला ब्राह्मण महासभा और ब्राह्मण महासभा पावटा के नेतृत्व में केशव सागर धर्मशाला से प्रदर्शन शुरू हुआ। प्रदर्शनकारियों ने अनुराग कश्यप की शव यात्रा निकाली। सुभाष चौक पर पहुंचकर उनका पुतला दहन किया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा और पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश नयाबासी ने कश्यप के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर कश्यप सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो विरोध और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कश्यप की टिप्पणी न केवल ब्राह्मण समाज का अपमान है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी नुकसान पहुंचाती है। कार्यक्रम में मोहन गौड़, ललित शर्मा, दीपक पटेल, गिरिराज बोहरा समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि फिल्म उद्योग में कुछ लोग लगातार सनातन संस्कृति और ब्राह्मण समाज को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो वे सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जयपुर पहुंचे, 4 दिन रुकेंगे: वेंस आमेर फोर्ट समेत कई जगह घूमेंगे; जहां जाएंगे, ट्रैफिक बंद रहेगा, कैमरों से रखी जाएगी नजर

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस सोमवार रात करीब 10 बजे जयपुर पहुंचे। वे चार दिन (21 से 24 अप्रैल) रुकेंगे। जेडी वेंस के साथ उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा, बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल भी आए हैं। एयरपोर्ट से वेंस सीधे होटल रामबाग पैलेस पहुंचे।
इससे पहले जेडी वेंस ने दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की। वेंस पीएम से मिलने उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे। 25 साल पहले अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन जयपुर आए थे।

### परकोटा में सफेद कपड़ा लगाया

न्यू गेट से त्रिपोलिया गेट तक पूरे चौड़ा रास्ता में कपड़ा लगाया गया है। वहीं, त्रिपोलिया गेट से बड़ी चौपड़ तक भी कपड़ा लगा है। बड़ी चौपड़ पर भारत के साथ में अमेरिका का झंडा लगाया गया है। जेएलएन मार्ग को सजाया गया है।



कन्हैया कुमार बोले- बीजेपी का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट है ईडी

## मोदी, बीजेपी समझ गए गांधी परिवार के रहते कांग्रेस मुक्त भारत नहीं हो सकता



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि षडयंत्र के तहत गांधी परिवार को बदनाम किया जा रहा है। मोदी जब पहली बार केंद्र में आए थे, तब कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था। लेकिन अब वो समझ गए हैं कि गांधी परिवार के रहते कांग्रेस मुक्त भारत नहीं हो सकता है। बीजेपी समझ गई है कि जब तक गांधी परिवार है। तब तक संविधान और लोकतंत्र को कमजोर नहीं किया जा सकता है। इसलिए सब मिलकर अब उस परिवार को बदनाम करने में लग गए हैं। कन्हैया कुमार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।
कन्हैया कुमार ने कहा- पहले राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल खड़े किए गए, कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई। फिर उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी। घर छीन लिया, लेकिन जनता ने राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया और सांसदों की संख्या भी दोगुनी कर दी। इस गांधी परिवार से दो प्रधानमंत्रियों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है, उसे बदनाम किया जा रहा है।

### ईडी बीजेपी का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट है

कन्हैया कुमार ने कहा- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बीजेपी का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट है, जो चुनाव के साथ भी और उसके बाद भी है। पीएम मोदी जो 18 घंटे काम करने की बात करते हैं वो बात ईडी के संदर्भ में कही जाती है। बीजेपी की ध्यान भटकाओ योजना के तहत ईडी का कर रही है, बीजेपी ने राजनीतिक लड़ाई लड़ने वालों को ईडी के जरिए दो विकल्प दिए हैं या तो बीजेपी में आ जाओ या फिर जेल जाओ, लेकिन कांग्रेस के नेता इससे डरते नहीं हैं।
मोदी ईडी का डर दिखाकर नेताओं को अपने पाले में लेते हैं। केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का डर दिखाकर बहुत सारे नेताओं को अपने पाले में ले लिया है। नीतीश कुमार जब इंडिया गठबंधन के साथ थे तो उनके तमाम मंत्रियों पर ईडी की कार्रवाई हुई थी। जैसे ही वो एनडीए में शामिल हुए तो कार्रवाई बंद हो गई। बीजेपी ने लोगों के सामने दो ही विकल्प रखे हैं या तो बीजेपी में आ जाओ या फिर जेल जाओ, कांग्रेस के लोग इन सब से नहीं डरते हैं।

### कोई पैसे का लेन देन ही नहीं हुआ तो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कैसे?

कन्हैया कुमार ने कहा- नेशनल हेराल्ड का मामला मनी लॉन्ड्रिंग का बताया जा रहा है लेकिन जब पैसे का कोई लेन-देन ही नहीं हुआ तो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कैसे हुआ? बीजेपी के लोग झूठ फैला रहे हैं कि कांग्रेस के नेतृत्व में मोटा मुनाफा कमाया गया है। पहली बात तो यह है कि दोनों ही कंपनियां नो प्रॉफिट नो लॉस पर चल रही है, इस कंपनी में कोई भी डायरेक्टर बन जाए वो एक पैसा भी नहीं ले सकता है। कन्हैया कुमार ने कहा- बीजेपी के लोग झूठ फैला रहे हैं कि यह 5000 करोड़ की संपत्ति का मामला है जबकि नेशनल हेराल्ड में केवल लखनऊ ऑफिस को छोड़कर तमाम संपत्ति लीज पर है।

### नेशनल हेराल्ड पर अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगाया था, वही काम आज की सरकार कर रही

कन्हैया कुमार ने कहा5 नेशनल हेराल्ड अखबार का आजादी की लड़ाई में योगदान था। 1942 में अंग्रेजों ने इस अखबार पर प्रतिबंध लगाया था, आज केंद्र की मोदी सरकार भी अंग्रेजों की तर्ज पर इस अखबार को बंद करने में लगी है। कांग्रेस पार्टी इस अखबार को चला रही है तो इसमें हर्ज क्या है? केवल देश के बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बार-बार ईडी के जरिए इस मामले को उछाला जा रहा है। अगर कोई अपराधी है तो सरकार को सबूत पेश करने चाहिए।

### मोदी सरकार ने देश को कर्ज में डुबोया, हवाई जहाज वाले को हवाई चप्पल ले आए

कन्हैया कुमार ने कहा- आज देश में बेरोजगारी चरम पर है, देश आर्थिक मंदी की ओर बढ़ रहा है। मोदी हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में बैठाने की बात करते थे लेकिन ऐसा लगता है कि यह हवाई जहाज वाले को हवाई चप्पल पर ले आए हैं। इन्हीं मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए देश में कभी हिंदू मुसलमान और मंदिर मस्जिद जैसे विवाद लेकर आते हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस जयपुर पहुंचे

## आज सुबह 8 से शाम 4 बजे तक JLN रोड पर ट्रैफिक डायवर्ट, न्यू गेट से आमेर तक नो-एंट्री

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार सहित सोमवार रात को जयपुर पहुंच गए। मंगलवार को वेंस आमेर महल, सिटी पैलेस सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। इसके चलते पुलिस ने जीटी पुलिया से आमेर महल तक वीवीआईपी रूट तैयार किया है। इसके तहत सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक जेएलएन मार्ग का ट्रैफिक आवश्यकता अनुसार डायवर्ट रहेगा। झालाना केवी-3 से लेकर ओटीएस चौराहे तक नो-एंट्री जोन रहेगा। चारदीवारी से लेकर आमेर तक भी नो-एंट्री रहेगी। इस रूट में आने वाले परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को पैदल ही जाना होगा।
वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान टोंक रोड और झालाना बाईपास का उपयोग करें। वाहन इस दौरान जेएलएन मार्ग को क्रॉस नहीं कर पाएंगे। झालाना बाईपास से सांगानेर टोंक रोड जाने के लिए जगतपुरा 7 नंबर रोड होते हुए महल रोड से निकलना होगा। वेंस का बुधवार को ताजमहल देखने आगरा जाने का प्लान है। वे गुरुवार की सुबह अमेरिका के लिए रवाना हो जाएंगे।

### छात्रों से अपील; वीवीआईपी रूट पर परीक्षा केंद्र है तो पैदल आएं



पुलिस प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि परीक्षा के लिए घर से जल्दी निकले और वीवीआईपी रूट पर परीक्षा स्थल होने पर पैदल ही चले, क्योंकि वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्ट किया जा सकता है। इस रूट पर आवश्यक सेवाओं के वाहनों को एंट्री मिलेगी, जिसमें एम्बुलेंस और दमकल शामिल हैं।
ये रास्ते डायवर्ट किए
पोलो सर्किल, रामबाग चौराहा, ओटीएस चौराहा से रामनिवास बाग, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, हवामहल बाजार, सुभाष चौक से आमेर तक, ओटीएस चौराहा से केवी-3 तिराहा तक सामान्य यातायात को मंगलवार सुबह 8 बजे से शाम चार बजे तक आवश्यकता के अनुसार टोंक रोड, झालाना बाईपास, जवाहर नगर बाईपास, जनपथ, पृथ्वीराज रोड, एमआई रोड, गोविंद मार्ग, एमडी रोड, किशनपोल बाजार, रामगंज बाजार, घाट बाजार, दिल्ली रोड पर डायवर्ट रहेगा।

### जेएलएन सहित 10 मार्ग पर नो-पार्किंग

जेएलएन, सरदार पटेल मार्ग, पृथ्वीराज रोड, जनपथ, भवानी सिंह रोड, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, हवामहल बाजार, सुभाष चौक से आमेर तक सभी प्रकार के वाहनो की पार्किंग निषेध रहेगी। अगर इन स्थानों पर वाहनों को खड़ा किया तो पुलिस जब्त कर लेगी।

### 8 IPS सहित 2500 जवान तैनात

सुरक्षा व्यवस्था में 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इनमें 2200 जवानों के साथ 8 आईपीएस, 23 एडिश्नल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 इंस्पेक्टर, एसआई और एएसआई शामिल हैं। साथ ही दो आरएसी की कंपनी, 3 ईआरटी की टीमें भी मौजूद रहेंगी।

## सोने की थाली में भोजन, प्रेसिडेंशियल सुइट में रुकने की व्यवस्था...

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस के साथ सोमवार को दिल्ली पहुंच गए. दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर जेडी वेंस के तीनों बच्चे इवान, विवेक और मीराबेल पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए नजर आए. दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस अपने परिवार के साथ सोमवार को रात करीब 9 बजे जयपुर पहुंचेंगे. इस दौरान जयपुर एयरपोर्ट पर उनका रेड कार्पेट वेलकम किया जाएगा. जेडी वेंस के जयपुर दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए गए.

### सुरक्षा में लगे 2000 से अधिक जवान

अमेरिकी उपराष्ट्रपति की यात्रा के दौरान 08 आईपीएस अधिकारी, 23 अतिरिक्त एसपी, 40 डीएसपी और 300 से अधिक सब-इंस्पेक्टर, एएसआई समेत 2000 हजार



से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. रविवार को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक उपराष्ट्रपति के निर्धारित मार्ग - ओटीएस, रामबाग पैलेस, आमेर किला और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) पर पूर्ण सुरक्षा रिहर्सल भी की गई. जेडी वेंस के दौरे को देखते हुए आमेर किला आज दोपहर से मंगलवार दोपहर तक बंद रहेगा. यह किला यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है. यह किला चार मुख्य खंडों में विभाजित है, जिनके अपने प्रांगण हैं.

### प्रेसिडेंशियल सुइट में रुकेंगे जेडी वेंस

जयपुर दौरे के समय अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस होटल रामबाग पैलेस में सबसे महंगे प्रेसिडेंशियल सुइट में रुकेंगे, जो होटल रामबाग पैलेस का सबसे महंगा कमरा है. जानकारी के मुताबिक, सुखनिवास और सूर्यवंशी ग्रैंड प्रेसिडेंशियल सुइट का किराया एक दिन का लगभग 15 लाख रुपए तक बताया जा रहा है. इस दौरान होटल में साधारण बुकिंग चार दिन तक बंद रहेगी. जेडी वेंस को सोने की थाली में राजस्थानी जायका परोसा जाएगा. ताज ग्रुप के बेस्ट शेफ को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के लिए लजीज भोजन तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है. अमेरिकी उपराष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यक्रम मंगलवार सुबह शुरू होगा. वे सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ आमेर जाएंगे. वे दोपहर के भोजन के बाद होटल लौटने से पहले आमेर किला, पन्ना मीना का कुंड और अनोखी संग्रहालय का दौरा करेंगे.

### चंदा और पुष्पा करेंगे स्वागत

आमेर महल में जेडी वेंस का स्वागत पारंपरिक राजस्थानी शैली में किया जाएगा. सूरजपोल गेट पर चंदा और पुष्पा नाम की दो हथिनियां उनका स्वागत करेंगी. इन दोनों हथिनियों का राजपूत शैली में श्रृंगार किया जाएगा. उन्हें चांदी के 62 लाख रुपये के लगभग 350 साल पुराने कीमती गहने पहनाए जाएंगे. मंगलवार को दोपहर 2.45 बजे, वेंस राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर भाषण देंगे. वे शाम 4 बजे के आसपास होटल लौटेंगे. बुधवार को सुबह 9 बजे वे विशेष विमान से जयपुर से आगरा में ताजमहल का दीदार करने के लिए रवाना होंगे. वहां लगभग तीन घंटे रुकने के बाद वे दोपहर में फिर से जयपुर लौट आएंगे. इसके बाद जेडी वेंस का दोपहर 2 बजे सिटी पैलेस का दौरा प्रस्तावित है, जहां उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी उनका स्वागत करेंगी और दोपहर का भोजन कराएंगी.

33 केवी बहरोड 2 फीडर पर होगा मेंटेनेंस

## कोटपूतली में मंगलवार को चार घंटे रहेगी बिजली कटौती, सुबह 7 बजे से बंद रहेगी सप्लाई

राजस्थान की राजनीति



**कोटपूतली।** कोटपूतली में मंगलवार को चार घंटे की बिजली कटौती की जाएगी। सहायक अभियंता (एचटीएम) अमित ढाका ने बताया कि 220 केवी जीएसएस कोटपूतली से निकलने वाले 33 केवी बहरोड-2 फीडर पर मरम्मत का काम होगा। इस दौरान सुबह 7 बजे से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस कटौती से 33 केवी इंडस्ट्रीज वीएसटी की सप्लाई भी प्रभावित होगी। फीडर पर रखरखाव का काम भी किया जाएगा।

जैन मंदिर में आर्यिका सुपार्श्वमती की 14वीं पुण्यतिथि

## श्रद्धालुओं ने पुष्पचक्र यात्रा निकाली, समाधि स्थल पर की गुरु पूजा



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के अजमेर रोड टोल प्लाजा स्थित चंद्रपुरी के चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में आर्यिका सुपार्श्वमती माताजी की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। ब्रह्मचारी जिनेश भैया के मार्गदर्शन में समाज के प्रमुख लोगों ने भगवान चंद्रप्रभु का पंचामृत कलशाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने विश्व शांति की प्रार्थना के साथ शांतिधारा की। इसके बाद अष्ट द्रव्य अर्घ चढ़ाकर नित्य नियम पूजन किया। गुवाहाटी से श्रीपाल, भागचंद, महिपाल और सरोज चुड़ीवाल परिवार तथा बारपेटा से अशोक जैन विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ के अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि कलशाभिषेक के बाद बैंड-बाजों के साथ मंदिर से माताजी के समाधि स्थल तक पुष्पचक्र यात्रा निकाली गई। समाधि स्थल पर विराजित चरण पादुका का गुलाब जल से अभिषेक किया गया। सुबह 9:24 बजे श्रद्धालुओं ने माताजी की स्तुति के साथ समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित किए और पुष्प वर्षा की। इसके बाद अष्ट द्रव्यों से गुरु पूजा की गई और अंत में आरती की गई।
कार्यक्रम में राजकुमार सेठी, सुरेंद्र पाटनी, अजित पाटनी, राजेंद्र बड़जात्या, प्रवीण बड़जात्या, कमलचंद छाबड़ा, मनोज पहाड़िया, कमल बाबू जैन, रवि छाबड़ा, विमल बगड़ा, कुसुम चुड़ीवाल, डॉ विमला ठोलिया, रजनी जैन सिंघई सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नर्सरी में 3 किमी तक फैली आग

## चौमूं के सुल्तानपुरा में हजारों पेड़-पौधे जले, तीन दमकल गाड़ियां मौके पर



राजस्थान की राजनीति

**चौमूं।** जयपुर के चौमूं में स्थित सामोद थाना क्षेत्र के फतेहपुरा पंचायत के पास सुल्तानपुरा की नर्सरी में सोमवार रात हादसा हो गया। रात करीब 8¬45 बजे नर्सरी में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और पूरे क्षेत्र में धुआं छा गया। आग इतनी भयानक थी कि वह नर्सरी से दो से तीन किलोमीटर के क्षेत्र तक फैल गई। सूचना मिलते ही चौमूं से तीन दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। चौमूं अग्निशमन अधिकारी जयकुमार जांगिड़ के अनुसार आग में बड़ी संख्या में पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए हैं। सामोद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग भी वहां एकत्रित हो गए हैं। अधिकारी आग के कारणों की जांच कर रहे हैं।

जयपुर में 28 को कांग्रेस की रैली, खड़गे आएंगे

## डोटासरा बोले- हिटलरशाही पर उतारू है मोदी सरकार, कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर असलियत बताएंगे

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश स्तर से लेकर बूथ तक अभियान शुरू करने जा रही है। 28 अप्रैल को जयपुर में कांग्रेस की संविधान बचाओ अभियान की प्रदेश स्तर की रैली होगी। इस रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई वरिष्ठ नेता आएंगें। खड़गे का संविधान बचाओ रैली के अलावा 2200 मंडल अध्यक्षों की अलग से बैठक को संबोधित करने का भी कार्यक्रम बन रहा है। रैली की जगह तय की जा रही है। 24 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रैली की तैयारियों के लिए बैठक बुलाई गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- संविधान बचाओ अभियान के तहत 28 अप्रैल को जयपुर में प्रदेश स्तरीय रैली होगी, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़े आएंगे। इसके बाद 3 से 10 मई तक सभी जिलों में जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां होंगी और विधानसभा स्तर पर 11 मई से 17 मई तक रैलियां की जाएंगी। इसके बाद बूथ स्तर तक भी कार्यक्रम होंगे।

### घर घर जाएंगे कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता

डोटासरा ने कहा- 20 मई से 30 मई तक घर-घर अभियान चलेगा। इसके तहत कार्यकर्ता संविधान बचाओ अभियान के तहत लोगों को समझाएंगे की किस तरह से केंद्र सरकार लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में लगी है।

### केंद्र सरकार हिटलरशाही पर उतारू, सुप्रीम कोर्ट तक को नहीं बख्श रहे

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- संविधान बचाओ अभियान के पीछे हमारा मकसद केंद्र सरकार की असलियत बताना है कि वो किस तरह देश को देश को कमजोर कर रही है। केंद्र सरकार हिटलरशाही पर उतारू है। सुप्रीम कोर्ट तक को नहीं बख्शा जा रहा है। जहां भी चुनाव होते हैं वहां पर विपक्षी दलों के नेताओं को ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों के जरिए डराया धमकाया जाता है। चुनाव आते ही विपक्षी दलों के संसाधन खत्म करने के प्रयास किए जाते हैं।

# उत्तरप्रदेश की राजनीति

Tni आवाज़

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in

आपकी आवाज के साथ....

www.uttarpradeshkirajneeti.com

जयपुर, मंगलवार 22 अप्रैल, 2025

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका HINDUSTAN KI AWAZ

आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, मथुरा,अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज,बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर,औरैया, इटावा, फ़र्रुख़ाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर से प्रसारित


# विशेष वर्ग के अधिकारियों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्तः डॉ. धर्मेश

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**आगरा।** उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिशासी अभियंता के पद का कार्य देख रहे इंजीनियर अनिरुद्ध भारती के बारे में जब पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक को जानकारी हुई तो उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मी के प्रति उनकी सहानुभूति है एवं वह अपनी समस्या बताएं तो उनके लिए कमिश्नर एवं अन्य उच्च अधिकारियों को कहा जाएगा और उनकी मदद के लिए वह सदैव तैयार हैं। ज्ञात रहे कि जलकल विभाग में ताजगंज वार्ड में अधिशासी अभियंता के पद का कार्य देख रहे इंजीनियर श्री अनिरुद्ध ने बताया कि उनके वार्ड में वित्तीय वर्ष में दी गई वसूली का लक्ष्य की प्राप्ति ही नहीं की गई अपितु उससे ऊपर 130 प्रतिशत वसूली की गई एवं उनके द्वारा बताया गया की जलकल में वर्तमान जलकर की वसूली का कार्य सही रूप से चल रहा है ।आगे के क्रम में वह बातचीत में वह अपना दर्द छुपा नहीं पाए एवं अपने शब्दों में बयां करते हुए उन्होंने बताया कि उनके विशेष जाति से होने के कारण उनको अच्छे वार्डो का चार्ज नहीं दिया जा रहा है एवं उनको अपने विशेष जाति का होने का दंश झेलना पड़ता है एवं ऐसी परिस्थिति में उत्कृष्ट अधिकारियों का कार्य करना काफी मुश्किल हो जाता है। जलकल आगरा के प्रबंधक की अनुपस्थिति में उनका चार्ज कुशलता से संभाल चुके अधिशासी अभियंता से जब इस विषय पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में जलकल विभाग में अधिशासी अभियंता ही प्रबंधन के रूप में कार्यों को देख रहे हैं। उक्त विषय पर प्रबंधक जलकल आगरा से भी संपर्क कर वार्ता का प्रयास किया गया परंतु उनके द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिउत्तर नहीं दिया जाना खेदपूर्ण है।अधिशाषी अभियंता के विशेष जाति वर्ग के होने के कारण उनके साथ हो रहे भेदभाव के विषय में पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक डॉ जी एस धर्मेश से वार्ता के अंशः। प्रश्न- वर्तमान सरकार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेष वर्ग के अधिकारियों के साथ होने वाला व्यवहार सही है? उत्तर- विशेष वर्ग का होने के कारण किसी भी अधिकारी का उत्पीड़न वर्तमान सरकार में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं यदि किसी अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ इस प्रकार का उत्पीड़न हो रहा है तो वह हमसे व्यक्तिगत रूप से आकर संपर्क कर सकते हैं एवं हम उनकी समस्या के विषय में उच्च अधिकारियों व शासन में वार्ता कर समस्या का समाधान कराएंगे।





इंजीनियर अनिरुद्ध भारती


विधायक डॉ जी एस धर्मेश

## कुशीनगर में दूल्हे के 3 भाइयों समेत 6 की मौत

# कार पेड़ से टकराई, गाड़ी काटकर शव निकाले; दुल्हन की विदाई टली



उत्तरप्रदेश की राजनीति

**कुशीनगर।** कुशीनगर में बारातियों की ब्रेजा कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें दूल्हे के तीन चचेरे भाई भी शामिल हैं। 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। यह हादसा देखते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव क्षत-विक्षत अवस्था में कार में फंसे हुए थे। पुलिस ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कार को गैस कटर से काटकर सभी को बाहर निकाला। कार में सवार 8 लोगों में से 6 की मौके पर ही मौत हो गई थी। 2 गंभीर घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया।

हादसा रविवार रात 10 बजे नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के भुजौली चौराहे पर हुआ। कार सवार देवगांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर नरायनपुर चरगहा जा रहे थे।

मृतकों की पहचान नरायनपुर चरगहा के सगे भाई हरेंद्र और योगेंद्र, कार चालक ओमप्रकाश, सगे भाई रंजीत और मुकेश, रामकोला थाना क्षेत्र के कुसम्हा निवासी भीम लक्ष्मण यादव के रूप में हुई है।

### अब जानिए पूरा घटनाक्रम

रामकोला थाना क्षेत्र के नरायनपुर चरगांव के रहने वाले गोपाल मद्धेशिया के बेटे विकास की बारात रविवार को देवगांव गई थी। विकास के 3 चचेरे भाई हरेंद्र मद्धेशिया (28), योगेंद्र मद्धेशिया(32) पुत्र शंकर, मुकेश मद्धेशिया (26) पुत्र रामानन्द, गांव के ही रंजीत मद्धेशिया पुत्र राजेंद्र (26), राजकिशोर, कार चालक ओमप्रकाश मद्देशिया पुत्र कृष्णा मद्देशिया (28) और कुसम्हा गांव के भीम यादव (24) पुत्र लक्ष्मी और भठई निवासी बजरंगी ब्रेजा कार से रात 10 बजे बारात में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

पडरौना-पनियहवा मार्ग पर भुजौली शुक्ल गांव के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह से पिचक गई।

### 6 की मौके पर ही मौत

मौके पर मौजूद लोगों का शोर सुनकर आसपास के गांव वाले मौके पर पहुंचे। कार सवार बुरी तरह फंसे हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से कार को काटकर सभी को बाहर निकाला। 6 लोगों हरेंद्र, जोगिंद्र, ओमप्रकाश, रंजीत, मुकेश और भीम यादव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। राजकिशोर और बजरंगी गंभीर रूप से घायल थे। पुलिस ने घायलों को जिला हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को गोरखपुर रेफर कर दिया।

### जयमाला के बाद मिली जानकारी

देवगांव निवासी रामचंद्र मद्धेशिया ने अपने बेटी साधना की शादी रामकोला थाना क्षेत्र के नारायणपुर चरगहा गांव में गोपाल के बेटे विकास मद्धेशिया से तय की थी। रविवार की रात को बारात दरवाजे पर पहुंच गई थी। जयमाला कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद शादी की रस्म चल रही थी। किसी व्यक्ति ने जानकारी दी कि बारातियों की कार भुजौली शुक्ल चौराहे के पास पेड़ से टकरा गई है। 6 लोगों की मौत हो गई है।

### हादसे के कारण नहीं हो सकी विदाई

हादसे की जानकारी होते ही मंगल गीत बंद हो गए। बाराती खाना छोड़ घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। जहां कुछ देर पहले ढोल नगाड़े बज रहे थे, एकाएक सन्नाटा छा गया। कुछ बारातियों के मौजूदगी में शादी की रस्म सम्पन्न कराई गई। परिवार में मौत के चलते दुल्हन की विदाई नहीं कराई गई।

### दूल्हे के पिता ने कहा- पुलिस वालों का आया फोन

दूल्हे के पिता गोपाल मद्धेशिया ने बताया- बेटे का द्वार पूजा हो चुका था। जयमाल का कार्यक्रम हो रहा था। इसी दौरान हरेंद्र के बड़े भाई नगेंद्र ने मुझसे कहा कि चाचा एक बस जाने देते तो हम लोग घर चले जाते। हमने पूछा बाकी अभी लोग कहां हैं। उनकी कोई जानकारी नहीं थी। तो हमने भी बस जाने के लिए उनकी बात मान ली। बस में बैठने के लिए अभी गांव के बाहर ही पहुंचे थे, तभी पुलिस वालों का फोन आया कि बारात में आ रही एक कार का एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद हरेंद्र और योगेंद्र के भाई नगेंद्र रोने लगे। हम गाड़ी से लेकर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचे। वहां पर 6 लोगों की मौत हो चुकी थी। उन्हें पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया था। बाकी दो लोगों को गोरखपुर भेजा गया। एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्र ने बताया- सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# गोवा प्रदेश में धर्मांतरण पर रोक लगनी चाहिए- पंडित नवीन गौड़

उत्तरप्रदेश की राजनीति

पंडित नवीन गौड़ जी ने गोवा प्रदेश में हो रहे निरंतर धर्मांतरण को लेकर गोवा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रमोद सावंत जी से चिंता जताई ,बातों ही बातों में डॉक्टर प्रमोद सावंत जी ने कहा कि इस विषय को लेकर वह भी काफी चिंतित है एवं डॉक्टर प्रमोद सावंत जी ने विश्व हिंदू परिषद अखिल भारतीय प्रचारङ्कप्रसार मंत्री पंडित नवीन गौड़ जी को आश्वासन दिया कि वह इस विषय पर बहुत ही गंभीरता के साथ ध्यान देंगे एवं किए जा रहे धर्मांतरण के मामलों पर नकेल कसी जाएगी द्ब साथ ही साथ पंडित नवीन गौड़ जी ने कहा कि देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भी अगर धर्मांतरण हो रहा है तो यह बात चिंता करने योग्य है एवं हिंदू सनातन को शर्मसार करने वाली बात है तत्काल प्रभाव से धर्मांतरण को गोवा प्रदेश में प्रतिबंधित करना चाहिए एवं जो भी व्यक्ति इस प्रकार के कृत्यों को करता हुआ पाया जाए उस पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए धर्मांतरण को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा साथ ही साथ पंडित नवीन गौड़ जी ने कहा कि जिन हिंदू भाई बहनों का धर्मांतरण हुआ है उनका परावर्तन कराकर उनकी पुनः हिंदू धर्म मैं घर वापसी होनी चाहिए द्ब पंडित नवीन गौड़ जी ने गोवा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रमोद सावंत जी को भेंट स्वरूप ÷ शाश्वत हिंदू ÷ पुस्तक दी एवं मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत जी ने पंडित नवीन गौड़ जी को ÷आत्मनिर्भर भारत ङ्क स्वयंपूर्ण गोवा÷ नामक पुस्तक भेंट स्वरूप प्रदान की एवं जल्द से जल्द बांके बिहारी जी के दर्शन हेतु मथुरा आने का आश्वासन दिया द्ब इस अवसर पर पंडित नवीन गौड़ जी के साथ उनके पारिवारिक अमित जी एवं सहयोगी के रूप में राहुल फौजदार उपस्थित रहे।



# मैरिज होम संचालक की फांसी के फंदे पर लटक जीवन लीला समाप्त



उत्तरप्रदेश की राजनीति

**मथुरा।** बाद गांव निवासी मैरिज होम संचालक की संदिग्ध परिस्थिति मौत हो गई।थानाध्यक्ष रिफायनरी अजय वर्मा ने बताया

बाद गांव निवासी नवीन पुत्र मुकेश उम्र 24 बर्ष ने अज्ञात कारण की वजह मौत हुई है। प्रथम दृश्यता आत्महत्या प्रतीत हो रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंद कमरे में छत में लगे कुंदे पर लटके शव को बरामद किया है।मृतक पास में ही किशन प्यारी मैरिज होम संचालक था।शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने से परिजनों ने मन कर दिया गया है।मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या की गुत्थी को सुलझा दिया जाएगा।

# ऑपरेशन जागृतिः छात्र-छात्राओं को किया जागरूक थाना प्रभारी ने बताएं टिप्स

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**मथुरा।** साइबर टिप्स देते हुए अजय वर्मा ने कहा कि झूठे मुकदमें दर्ज कराने का माताएं,बहन-बेटियों विरोध करें, क्योंकि किसी निर्दोष के खिलाफ झूठा मुकदमा कराने से उसकी आम छवि समाज में प्रभावित होती है तो जेल जाने से उसकी जिंदगी में परेशानियों आती हैं। अगर कोई अराजक तत्व परेशान, छींटाकसी, छेड़खानी करता है तो उसका खुलकर विरोध कर बिना किसी डर के पुलिस को सूचना दें, ताकि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हो सके। ऑपरेशन जागृति के चौथे चरण में सोमवार को डीपीएस स्कूल में थाना प्रभारी रिफायनरी अजय वर्मा ने जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को जागरुक किया गया। उन्होंने पारिवारिक विघटन, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम तथा बचाव के तरीके, सोशल मीडिया के बारे में भी अवगत कराया। महिलाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया।उन्होंने महिला युवतियों को मोबाइल पर आने वाली अनजान लिंक पर क्लिक न करने की हिदायत देते हुए अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करें।और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। डायल 112, हेल्पलाइन 181, वूमैन पावर लाइन 1090, सीएम हेल्पलाइन 1076 व एंबुलेंस सेवाओं की जानकारी दी।बाद चौकी इंचार्ज मोहनलाल व अन्य पुरुष व महिला पुलिस कर्मी सहित विद्यालय प्रधानाचार्य एवं अध्यापक मौजूद थे।

# विद्युत विभाग की तानाशाही से उद्यमी हुए परेशान

## शिकायत करने पर उद्यमी से किया अभद्र व्यवहार

राजस्थान की राजनीति

**(रिफाइनरी, मथुरा) मथुरा।** साइट-बी इंडस्ट्रीयल एरिया में विद्युत विभाग की तानाशाही से उद्यमी लंबे समय से परेशान चल रहे हैं। जिसके लिए पूर्व में भी उद्यमियों द्वारा लगातार विद्युत विभाग के साथ बैठकें भी की गई हैं और समय-समय पर उद्यमियों ने प्रदर्शन भी किया है। लेकिन साइट-बी के उद्यमियों की परेशानी पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने ध्यान तक नहीं दिया, हर बार सिर्फ और सिर्फ झूठा आश्वासन ही उद्यमियों को मिला है, लेकिन समस्याओं का समाधान आज तक नहीं हुआ है। हद तो तब हो गई जब विद्युत की शिकायत लेकर उद्यमी साइट-बी उपकेंद्र पहुंचा, उपकेंद्र पर कार्यरत संविदा कर्मचारी पदम सिंह ने उद्यमी से अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे उद्यमी ने खुद को ठगा सा महसूस किया। साइट-बी में विद्युत विभाग की मनमानी से उद्यमी लंबे समय से परेशान चल रहे हैं, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी हैं जिनके कान पर जू तक नहीं रेंगती। इंडस्ट्रीयल एरिया साइट-बी में विद्युत पोल एवं तारों की जर्जर अवस्था को देखते हुए रिफ़ाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया है, लेकिन समाधान अभी तक नही हुआ है। उद्यमी के साथ हुए अभद्र व्यवहार की सूचना रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल को मिली, तो आरआईए के अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराज़गी जताते हुए कहा कि विद्युत विभाग द्वारा आए दिन उद्यमियों को परेशान किया जाता है, जिसकी शिकायत वह उच्च अधिकारियों से पूर्व में भी कई बार कर चुके हैं। साथ ही कहा कि अब तो उद्यमियों के साथ साइट-बी में संविदा कर्मचारी भी अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। साइट-बी इंडस्ट्रीयल एरिया में विद्युत विभाग की मनमानी और लापरवाही का खामियाजा झेल रहे उद्यमियों ने कहा है कि उन्हें विद्युत विभाग द्वारा जान-बूझकर परेशान किया जा रहा है, विद्युत विभाग के अधिकारियों की शरण लिए हुए संविदाकर्मी मनमाने तरीके से विद्युत कटौती कर रहे हैं, आए दिन हो रही ट्रिपिंग की वजह से उद्यमियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जो ट्रिपिंग की जा रही है, विद्युत विभाग के कर्मचारी उसे रिकॉर्ड में भी नही रखते हैं। साथ ही कर्मचारियों में यह भी बात चल रही है कि अगर इसी तरह उद्यमियों को परेशान किया गया तो वह साइट-बी इंडस्ट्रीयल एरिया से पलायन करने को मजबूर हो सकते हैं।



## ट्रक ने महिला को 200 मीटर घसीटा, आधा सिर गायब

# आगरा में ओवरटेक करने में स्कूटी को मारी टक्कर, गाड़ी में लगी आग

उत्तरप्रदेश की राजनीति

**फतेहाबाद (आगरा)।** आगरा में ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में दूसरे ट्रक ने सामने से आ रही स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्कूटी सवार महिला ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई। गाड़ी समेत करीब 200 मीटर तक घिसटती चली गई। शव बहुत बुरी हालत में मिला। सिर का आधा हिस्सा गायब था। आंखें तक बाहर आ गई थीं। वहीं, हादसे के बाद स्कूटी में आग लग गई। 15 मिनट में पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। हादसे के समय स्कूटी पर जेठानी-देवरानी सवार थीं। जेठानी की मौत हो गई, जबकि टक्कर के बाद देवरानी गाड़ी से दूर जाकर गिरी, जिससे उसकी जान बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। देवरानी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक गाड़ी समेत फरार हो गया। घटना शमशाबाद थाना क्षेत्र में सैयां-इरादत नगर मार्ग पर बीकापुर नहर के पास की है। फिरोजाबाद की रजनी (31) अपनी देवरानी मंजू (30) के साथ सोमवार सुबह 8 बजे इरादत नगर के माता के मंदिर गई थी। शाम करीब 4.30 बजे दोनों स्कूटी से घर लौट रही थीं। तभी बीकापुर नहर के पास ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद रजनी और मंजू दोनों स्कूटी समेत गाड़ी के अगले हिस्से में फंस गईं। मंजू थोड़ी दूर घिसटने के बाद गाड़ी से छूटकर अलग हो गई। जबकि रजनी गाड़ी में ही फंसी रह गई। मंजू ने बताया कि ट्रक में फंसे रहने के दौरान ही स्कूटी में आग लग गई। इस वजह से उसके हाथ-पैर झुलस गए। घिसटने के कारण मंजू के सिर में भी गंभीर चोट आई है।

# विदेशों में जाकर भारत को बदनाम करने वाले राहुल गांधी याद रखें वह जमानत पर हैं

### बीजेपी ने बोस्टन में चुनाव आयोग पर की गई टिप्पणी को लेकर बोला हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी ने राहुल गांधी द्वारा बोस्टन में चुनाव आयोग पर की गई टिप्पणी को लेकर हमला बोला। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी की यही निराशा है कि आज वह विदेशी भूमि पर जाकर भारत और महान लोकतंत्र को अपमानित कर उसे बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुलजी अमेरिका में जाकर कहते हैं कि महाराष्ट्र के चुनाव में जो मतदान हुआ, वह एक प्रकार से फर्जीवाड़ा था। महाराष्ट्र में बीजेपी और उनके सहयोगियों को नहीं जीतना था, लेकिन मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि उस समय झारखंड में भी चुनाव हुआ था, क्या आपने और हेमंत सोरेन ने इलेक्शन कमीशन से समझौता किया था?

पात्रा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 240 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को केवल 99 सीटें मिलीं। फिर भी, उन्होंने जश्न मनाया और दावा किया कि यह बीजेपी की हार है। तो क्या चुनाव आयोग ने कांग्रेस से समझौता किया? अयोध्या चुनाव में भी उन्होंने जीत का जश्न मनाया। यह कैसे संभव हुआ? उन्होंने कहा कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होते हैं। विदेश में भारत का अपमान करने वाले राहुल गांधी को याद रखना चाहिए कि वे 50 हजार की जमानत पर बाहर हैं। जिस थाली में खाते हैं, उसी में राहुल गांधी छेद करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज सुबह से हम मीडिया में देख रहे हैं, तो दो खबरें सुर्खियों में हैं। पहली खबर राहुल गांधी विदेशी भूमि पर जाकर वही कर रहे हैं, जो वह कई दशकों से करते आ रहे हैं, भारत की बेइज्जती और अपमान। अमेरिका में राहुल गांधी ने भारत का अपमान किया है। दूसरी खबर है कि आज से कांग्रेस के सभी बड़े नेता चोर मचाए शोर की तर्ज पर देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर मां-बेटे को बचाने के लिए प्रेस कांफ्रेंस करेंगे।

पात्रा ने कहा कि ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अपनी चार्जशीट में नामांकित किया है, उन दोनों के खिलाफ कोर्ट में जो कार्रवाई हो रही है, ऐसे में पूरे देश में एक अशांत माहौल बनाने का प्रयास कांग्रेस कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं राहुलजी से और देशवासियों से कहना चाहता हूं कि जो व्यक्ति और उनकी माताश्री 50 हजार के मुचलके पर जमानत पर बाहर हैं, वह विदेशी धरती पर जाकर हिंदुस्तान को अपमानित कर रहा है, लेकिन अगर उन्हें लगता है कि लोग उनपर विश्वास करेंगे, तो ये उनका भ्रम है। देश की चुनावी प्रक्रिया पर राहुल गांधी की आलोचनाओं का जवाब देते हुए बीजेपी के नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि लोकतंत्र विरोधी, भारत विरोधी राहुल गांधी जो भारतीय मतदाताओं का विश्वास नहीं जीत सके, वे



विदेशी धरती पर भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने लगे हैं। राहुल हमेशा विदेशी धरती पर भारत को बदनाम क्यों करते हैं जॉर्ज सोरोस का एजेंट जो भारतीय राज्य से लड़ रहा है। यही आज राहुल गांधी का इरादा है।

## राजभर का ममता सरकार पर तंज, बंगाल को भी कानून को मानना पड़ेगा

### -जिन्होंने इसकी जमीनों पर कब्जा किया, वे डरे हुए

बलिया । उत्तर प्रदेश के बलिया से फिर पश्चिम बंगाल का मुद्दा उठा है। बंगाल में वक्फ संशोधन कानून को लेकर चल रहे विवाद के बीच उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि केंद्र का वक्फ कानून लागू हो चुका है। बंगाल को भी कानून को मानना पड़ेगा। यह कानून गरीब मुस्लिमों के हित में है। इससे वक्फ की जमीनों पर कब्जा करने वालों की मुश्किलें बढ़ेंगी। राजभर ने कहा कि वक्फ कानून से वहीं लोग घबरा रहे हैं, जिन्होंने इसकी जमीनों पर कब्जा किया है। मंत्री राजभर ने कहा कि नए कानून के तहत वक्फ से जुड़े विवाद के मामलों को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। पहले यह व्यवस्था नहीं थी। इतना ही नहीं योगी के मंत्री राजभर ने कहा कि नया कानून आने से वक्फ कमिटी में महिलाओं की भागेदारी होगी। यह कानून गरीब मुस्लिमों के भले के लिए है। उन्होंने बंगाल की स्थिति पर तंज कर कहा कि केंद्र का कानून सर्वोपरि है। इस कानून को लागू करना हर राज्य की जिम्मेदारी है। पश्चिम बंगाल कोई अलग नहीं है। ओपी राजभर ने कहा कि 246 योजनाओं का लाभ जनता को आसानी से मिल रहा है, इसमें पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा-खतौनी जैसे सेवाएं शामिल हैं। 60 प्रतिशत पंचायत सहायक प्रशिक्षित हो चुके हैं। गांवों में जल निकासी के लिए नालियों और सोख्तों का निर्माण तेजी से हो रहा है।

## सऊदी अरब ने बढ़ाया हज का कोटा, भारतीय करें जल्द आवेदन

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के सभी धर्मों के कुछ पवित्र धार्मिक स्थल होते हैं। इस्लाम में हज यात्रा को सबसे पवित्र और अहम माना गया है। हर साल दुनिया भर से लाखों लोग हज यात्रा करते हैं। भारत से भी हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु हज यात्रा पर जाते हैं। आँकड़ों के अनुसार हर साल करीब 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु हज यात्रा पर जाते हैं। जिसमें से 1.7 लाख से ज्यादा भारत से होते हैं। बीते साल 1,75,025 भारतीय श्रद्धालुओं ने हज यात्रा की थी। लेकिन इस साल भारत के हज यात्रियों के लिए सऊदी अरब सरकार ने कोटा बढ़ा दिया है। भारत से हर साल 175,000 हज यात्रा के लिए सऊदी अरब जाते हैं। जिसमें से 1,22,518 हज यात्रियों भारतीय हज समिति के जरिए हज यात्रा पर भेजा जाता है। इसके अलावा बचे हुए 52,000 हज यात्री प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के जरिए हज यात्रा पर जाते हैं। लेकिन इस साल सऊदी हज मंत्रालय की ओर से संख्या में इजाफा किया गया। इस साल भारत से 175,000 हज यात्रियों की जगह 185,000 हज यात्री जा सकते हैं। क्योंकि सऊदी हज मंत्रालय की ओर से 10,000 अतिरिक्त तीर्थयात्रियों के रजिस्ट्रेशन को लेकर हामी भर दी है। भारत से हर साल हज यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए होता है। यह प्रक्रिया अब ऑनलाइन कर दी गई है। रजिस्ट्रेशन के लिए आपको हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन करना होगा। इसके अलावा आप हज सुविधा मोबाइल एप का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## आज से जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे की बहाली की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

### -जिले और विधानसभा क्षेत्रों में होगा विरोध प्रदर्शन

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस पूरे जम्मू-कश्मीर में प्रत्येक जिले और विधानसभा क्षेत्रों तथा ब्लॉकों में राज्य के दर्जे की बहाली को लेकर आंदोलन तेज कर संविधान बचाओ अभियान शुरू करेगी। इसके साथ ही पार्टी बीजेपी सरकार की भ्रामक रणनीति को भी जनता के सामने लाएगी। जेकेपीसीसी प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने संविधान को बचाने और राज्य का दर्जा बहाल करने के आंदोलन को तेज करने केंद्र शासित प्रदेश, प्रांतीय, जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाने एआईसीसी (एसआईसीसी) के निर्देशों को लागू करने का कार्यक्रम तैयार है। जेकेपीसीसी करों की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई, इसमें 22 अप्रैल को जम्मू में सभी जिलों और ब्लॉकों के वरिष्ठ नेताओं की विस्तारित बैठक के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। बैठक के बाद 29 अप्रैल को जम्मू में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संविधान पर हमले और उसकी प्रतिशोधात्मक राजनीति के खिलाफ प्रांत स्तरीय विरोध रैली का आयोजन होगा। कांग्रेस पार्टी रोजगार के मोर्चे, महंगाई, कराधान के अलावा मोदी सरकार की विभाजनकारी और सांप्रदायिक तथा प्रतिशोधात्मक राजनीति के बारे में जनता को बताएगी। बैठक में बताया गया कि डेढ़ माह तक चलने वाले कार्यक्रम में राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर बीजेपी के विश्वासघात और लोगों की पीड़ा को पूरा करने के लिए निर्वाचित सरकार को अधिकार न देने का खुलासा होगा।

## रिश्तेदार के नाम कर दी प्रापर्टी, नाराज पत्नी ने पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की चाकू से गोंदकर हत्या की

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की मौत मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वे 20 अप्रैल को बेंगलुरु में अपने घर में मृत मिले थे। सूत्रों के मुताबिक दोपहर में उनका अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान उनकी पत्नी ने उन पर मिर्च पाउडर फेंका, उन्हें बांधकर चाकू से हमला करके पूर्व डीजीपी की हत्या कर दी। 68 साल के ओम प्रकाश पर कांच की बोतल से भी हमला हुआ था। हत्या के बाद पूर्व डीजीपी की पत्नी ने एक अन्य पुलिसकर्मी की पत्नी को फोन करके बताया कि अपने पति को मार डाला है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूर्व डीजीपी की पत्नी और उनकी बेटी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मां और बेटी से करीब 12 घंटे तक पूछताछ की है। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व पुलिस प्रमुख प्रकाश की चौंकाने वाली हत्या में उनकी पत्नी मुख्य आरोपी हैं। ओम प्रकाश के पेट और सीने पर चाकू के कई घाव मिले हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि प्रकाश और उनकी पत्नी के बीच जमीन-जायदाद को लेकर विवाद था। ओम प्रकाश ने एक संपत्ति अपने एक रिश्तेदार को दे दी थी, इसकारण दोनों के बीच झगड़ा हो गया। यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हुई और शक है कि पत्नी ने ही उनकी हत्या कर दी। पुलिस जांच कर रही है कि क्या उनकी बेटी भी घटना में शामिल थी। पूर्व पुलिस प्रमुख प्रकाश के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## टेम्पो चालक ने तोड़ा नियम, ट्रैफिक कर्मी पीछा करते समय समुद्र में गिरा, मौत

मुंबई (एजेंसी)। दक्षिण मुंबई के कोस्टल रोड पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले एक टेम्पो का स्कूटर से पीछा करते समय एक ट्रैफिक कर्मी की समुद्र में गिर जाने से मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैफिक कर्मी का शव निकाल कर टेम्पो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम को टाटा गार्डन से वर्ली की ओर जा रहा टेम्पो यातायात नियमों का उल्लंघन कर कोस्टल रोड पर आ गया जहां भारी वाहन प्रतिबंधित हैं। इसके बाद ट्रैफिक कर्मी रफीक वजीर शेख ने स्कूटर से टेम्पो का पीछा किया लेकिन एक वाहन रोड के एक मोड़ पर रफीक शेख ने अपने दोपहिया वाहन से नियंत्रण खो दिया और रेत में उनका स्कूटर फिसल गया। स्कूटर सड़क पर सीमेंट की रेलिंग से टकरा गया और रफीक शेख समुद्र में गिर गए जिससे डूबने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक वाहन चालक ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद सुरक्षा और अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और रफीक शेख को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि रफीक को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## भाजपा ने साधा ममता पर निशाना और की मुर्शिदाबाद हिंसा की एनआईए जांच की मांग




**कोलकाता (एजेंसी)।** पिछले कई दिनों से पश्चिम बंगाल में हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की खबरें आ रहीं हैं। विपक्षी दल भाजपा इस मामले में ममता सरकार पर हमलावर है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश जैसी स्थिति ला रही हैं। राज्य में हिंदुओं की हत्या की जा रही है। लोगों को बांग्लादेश की स्थिति पता है। बनर्जी ने पहले ही पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश को लाइट वर्जन बना दिया है।

वहीं, राज्य में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद हिंसा की एनआईए जांच की मांग की। उन्होंने कहा हम अपनी संस्कृति और धर्म को जीवित रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में हिंदू खतरे में हैं। इस तरह की क्रूर हत्या के लिए राज्य पुलिस पूरी तरह जिम्मेदार है।उन्होंने हिंसा के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराने के लिए समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की भी आलोचना की। अधिकारी ने कहा कि अखिलेश यादव का बयान राजनीति से प्रेरित है।

इधर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहटकर ने मालदा और मुर्शिदाबाद हिंसा पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की। राहतकर ने कहा कि मैंने राज्यपाल को महिलाओं और बच्चों की स्थिति के बारे में बताया है। स्थिति बहुत गंभीर है। रहटकर ने कहा- हम पीड़ितों के पुनर्वास के लिए सभी प्रयास करेंगे और पश्चिम बंगाल सरकार को सिफारिशें करेंगे। हम उन महिलाओं और परिवारों के साथ खड़े होना चाहते हैं जो दर्द में हैं। शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। उन्होंने कहा कि आयोग अपनी रिपोर्ट में उन सभी महिलाओं के बयान शामिल कर रहा है, जिन्होंने आपबीती सुनाई है। उन लोगों ने कहा कि बीएसएफ ने उनकी जान बचाई। उनके घर बचाए।


# क्या पीएम मोदी कमजोर हो चुके हैं उनकी पकड़ अब सरकार और पार्टी पर नहीं?

### -बीजेपी सांसद निशिकांत के बयान को लेकर पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री से किया सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद थमा नहीं रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने निशिकांत के बयान को लेकर पीएम मोदी से सवाल किया है। उन्होंने कहा कि यह बिना पीएम की स्वीकृति के नहीं हो सकता है। पवन खेड़ा ने कहा कि पीएम अपने आप को बहुत मजबूत मानते हैं और उनके इशारे के बिना बीजेपी का कोई सांसद इस तरह की टिप्पणी कर नहीं सकता है। अगर यह उनकी स्वीकृति के बगैर हुआ है तो पीएम मोदी बहुत कमजोर हो चुके हैं। न उनकी अब सरकार पर पकड़ है और न ही पार्टी पर।

पवन खेड़ा ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि अगर पीएम मोदी की पार्टी पर अब भी पकड़ मजबूत है तो उन्हें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को बोलकर निशिकांत को कारण बताओ नोटिस जारी करवाना चाहिए, क्योंकि उन्होंने संविधान पर सीधा हमला बोला है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, इससे पहले सभी ने देखा है कि उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका पर टिप्पणी की। मैं पूछना चाहता हूं कि ये हमले कौन करा रहा है?

बता दें बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाता है तो संसद और विधानसभाओं को बंद कर देना चाहिए उन्होंने सीजेआई पर भी टिप्पणी की थी। हालांकि, बीजेपी ने निशिकांत दुबे और पार्टी के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा की ओर से सुप्रीम कोर्ट और देश के मुख्य न्यायाधीश पर दिए गए बयान से किनारा कर लिया है। दोनों नेताओं ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के संदर्भ में न्यायपालिका पर सवाल उठाए थे।



## सोनिया, राहुल की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए किया गया हमला, कांग्रेस लड़ेगी और विफल करेगी : चिदंबरम

नई दिल्ली । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को आरोप लगाया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी तथा प्रतिष्ठा की धूमिल करने के मकसद से 'नेशनल हेराल्ड' मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया । पूर्व वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि सोनिया और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी और इसे नाकाम करेगी । चिदंबरम ने संवाददाताओं से बातचीत में 'नेशनल हेराल्ड' मामले का ब्यौरा दिया और सवाल किया, ''अपराध कहां है? कहां हैं अपराध की कमाई ? भ्रष्टाचार का पैसा कहां है? कहां है धनशोधन का अपराध?'' उन्होंने कहा, ''मैं समझता हूं कि पीएमएलए अदालत ने अभी तक ईडी की शिकायत (या आरोप पत्र) का संज्ञान नहीं लिया है ।'' उन्होंने दावा किया कि बुनियादी बात यह है कि पैसे का कोई लेन-देन नहीं है । चिदंबरम का कहना था, ''पैसे के बिना 'अपराध की कमाई' नहीं होती, 'अपराध की आय' के बिना, कोई धनशोधन नहीं होता है । धनशोधन हुए बिना ईडी का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है ।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी और प्रतिष्ठा को निशाना बनाने के लिए सत्ता का खुला दुरुपयोग किया गया है । कांग्रेस नेता ने कहा, ''इस मामले के तथ्यों से यह स्पष्ट है कि ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई कर रही है ।'' चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि पूरी कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर इस राजनीतिक हमले का विरोध करेगी, लड़ेगी तथा इसे नाकाम करेगी । उन्होंने कि इस मामले में सत्य की जीत होगी और न्याय होगा । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित तौर पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन के लिए यहां एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है ।

# आप नहीं लड़ेगी मेयर का चुनाव, अब दिल्ली में होगी ट्रिपल इंजन की सरकार

### आप नेता सौरभ ने कहा- अब बीजेपी को बिना बहाना बनाए काम करना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में आगामी महापौर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। चुनाव 25 अप्रैल को होना हैं और सोमवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख है। आप ने ऐलान किया है कि वह मेयर पद के लिए कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा करेगी क्योंकि पार्टी के पास वर्तमान में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में पर्याप्त संख्या नहीं है, जहां बीजेपी बहुमत में है। इसके साथ ही बीजेपी दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार स्थापित करने के लिए तैयार है जिसका नियंत्रण केंद्र, दिल्ली प्रशासन और अब एमसीडी पर भी होगा।





आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने फैसला किया है कि इस बार मेयर का चुनाव नहीं लड़ेंगे। बीजेपी को अपना मेयर चुनकर अपनी स्थायी समिति बनानी चाहिए और बिना किसी बहाने के दिल्ली पर शासन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस दिन से दिल्ली में एमसीडी चुनाव तय हुए हैं, तब से सत्ता हथियाने की बीजेपी की बेचैनी सबके सामने दिख रही है, चाहे वह चुनाव टालकर एकीकरण करना हो, या परिसीमन के नाम पर बीजेपी के लिए छोटे-छोटे वार्ड बनाना हो या फिर लगातार भ्रष्ट तरीकों का इस्तेमाल करके मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव जीतने की कोशिश करना हो। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी के पास केंद्र है, उनके एलजी हैं, उनकी दिल्ली सरकार है, और एमसीडी भी उनके पास होगी, इसलिए अब उन्हें दिल्ली की जनता के सामने कोई बहाना नहीं बनाना चाहिए और उन्हें दिखाना चाहिए कि दिल्ली में पूरा प्रशासन कैसे चलाया जाता है। हार झेलने के बाद एमसीडी में बीजेपी की ताकत 119 हो गई है, क्योंकि पिछले कुछ महीनों में कई आप विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। एमसीडी में मनोनीत सांसद और विधायक दोनों ही मेयर और डिप्टी मेयर के पदों के लिए होने वाले चुनावों में वोट देने के पात्र हैं। एमसीडी सचिव कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के मुताबिक निगम 25 अप्रैल को अपनी साधारण बैठक आयोजित करेगा। दोपहर 2 बजे मेयर और डिप्टी मेयर के लिए चुनाव कराया जाएगा।

# हिमाचल में बारिश, तूफान, और ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों को मुआवजे की आस

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल में मौसम ने कई जगह नुकसान पहुंचाया है। बीते 24 घंटों के दौरान कई इलाकों में बारिश, तूफान, और ओलावृष्टि ने फसलों को बर्बाद किया है, हमीरपुर के भलेठ गांव में तूफान से पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक महिला की मौत हुई। मृतक संतोष कुमारी जंगल से लकड़ियां लेने गई थी कि घर से कुछ दूरी पर पेड़ की चपेट में आ गई।

ऊपरी शिमला के सेब बहुल इलाकों रोहड़ू, खड़ापत्थर, ठियोग, जुब्बल, कोटखाई, रोहडू और चौपाल में भारी ओलावृष्टि ने सेब की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। आजकल सेब में फूल रहे है लेकिन ओलावृष्टि से फूल झड़ गए हैं। इसके अलावा सब्जियों की फसल भी बर्बाद हुई है।



वहीं सब्जी फूल उत्पादक संघ के अध्यक्ष ने मौसम से हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि हर साल फसलों के नुकसान का आंकलन होता है, लेकिन मुआवजे के नाम पर कुछ नहीं मिलाता है। साथ ही, बीमा प्रक्रिया किसानों और बागवानों के हितों से खिलवाड़ करती है। जिला बिलासपुर व हमीरपुर में वर्षा के साथ हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल व फलदार पौधों को नुकसान हुआ। कांगड़ा जिले में वर्षा से गेहूं की फसल प्रभावित हुई। लाहौल स्पीति सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है। हिमपात के कारण मनाली-जंस्कार मार्ग पर यातायात बंद है। शिंकुला में आधा फीट हिमपात होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। भारी वर्षा से लाहुल घाटी के तिंदी व जंगल कैंप के समीप नाले में बाढ़ आ गई। मौसम विभाग ने किसानों, बागवानों और यात्रा करने वालों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और समय-समय पर अपडेट प्रदान कर रहा है।

# अखिलेश का बड़ा दावा बोले- महाकुंभ में योगी को पीएम उम्मीदवार घोषित करने की योजना थी

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दावा करते हुए कहा है कि प्रयागराज का महाकुंभ कोई धार्मिक आयोजन नहीं था। बल्कि एक राजनैतिक आयोजन के लिए बड़ी तैयारियां की गई थी। सब कुछ ठीक रहता तो इसी महाकुंभ में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री के तौर पर उम्मीदवार घोषित कर दिया जाता। इस तरह की प्लानिक काफी पहले कर ली गई थी।

अखिलेश ने यह भी दावा किया कि कुछ राजनैतिक कारणों के कारण भाजपा का यह मंसूबा पूरा नहीं हो पाया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए यादव ने कहा कि वह वक्फ (संशोधन) कानून के जरिए माफिया की तरह जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है।यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) राज्य से भाजपा को उखाड़ फेंकेगा। जब उनसे इंडिया गठबंधन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने दोहराया, गठबंधन है और रहेगा। उन्होंने कहा, भाजपा वक्फ संशोधन कानून लेकर आई है ताकि वह जमीन छीन सके। जहां भी उन्हें जमीन दिखती है, वे उस पर कब्जा कर लेते हैं। उन्होंने भाजपा को भू-माफिया पार्टी करार दिया। यादव ने सत्तारूढ़ पार्टी पर नोटबंदी और जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के जरिए लोगों का पैसा छीनने और आरक्षण के अधिकार को कम करने का आरोप लगाया।

राणा सांगा पर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा जो इतिहास एक दूसरे को ऊंचा-नीचा दिखाए, जो इतिहास हमारी प्रगति को रोकता हो, उस इतिहास को इतिहास ही रहने देना चाहिए।सपा प्रमुख ने संवाददाता सम्मेलन में प्रयागराज महाकुंभ 2025 को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर स्वयं द्वारा दिए गए सुझावों को एक पुस्तिका के रूप में तब्दील कर पत्रकारों को उपलब्ध कराया। साथ ही उन्होंने 2013 में हुए प्रयागराज कुंभ मेले को लेकर हावर्ड विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई। अखिलेश यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने प्रयागराज आए थे।

सपा प्रमुख ने दावा किया कि सरकार ने घटना के दौरान हताहतों की संख्या और वित्तीय लाभ के बारे में गलत आंकड़े दिए, और आरोप लगाया कि जनवरी में भगदड़ के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी विफल रही। उन्होंने कहा, भाजपा सच्चे आंकड़े छिपाने और झूठे आंकड़े दिखाने में माहिर है। भाजपा की पूरी सरकार प्रोपेगेंडा पर चल रही है। इस डिजिटल कुंभ में सरकार ने कोई भी डेटा कुछ ही सेकेंडों में उपलब्ध कराने की बात कही थी। ड्रोन से पूरी निगरानी के दावे किए गए थे।

यादव ने कहा, जिस समय (भगदड़ के समय) ड्रोन और सीसीटीवी की सबसे अधिक जरूरत थी, उस समय ये या तो बंद थे या बंद करा दिए गए थे। इन्होंने संगम नोज पर भगदड़ में मारे गए लोगों की सही संख्या नहीं बताई और मौत के कारण बदलने के लिए परिजनों पर दबाव बनाया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया मलसीसर डैम का निरीक्षण

## संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश शेखावाटी क्षेत्र को पर्याप्त पानी हमारी प्रमुख प्राथमिकता - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना से झुंझुनूं जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए बने मलसीसर डैम का सोमवार को निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र को पर्याप्त पेयजल तथा सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए हम प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

### यमुना जल समझौते की क्रियान्विति हो रही सुनिश्चित

शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को साकार करते हुए जनता से किया हर एक वादा पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि हमने सरकार बनते ही सबसे पहले यमुना जल को शेखावाटी में लाने के लिए हरियाणा सरकार से यमुना जल समझौते पर एमओयू किया। इस समझौते की क्रियान्विति सुनिश्चित हो रही है क्योंकि हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है।

उन्होंने शेखावाटी की सांस्कृतिक विरासत पर भी प्रकाश डालते हुए यहां के रणबांकुरों के प्रति श्रद्धा व सम्मान जताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय संरचना का शिलान्यास किया व पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, विधायक राजेंद्र भांबू, विक्रम सिंह जाखल, जिला प्रमुख श्रीमती हर्षिनी कुलहरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया– शिक्षा व्यवसाय नहीं है, पवित्र कार्य है - राज्यपाल



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को छत्रपति संभाजी नगर में आयोजित एक समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और शिक्षण संस्थाओं का सम्मान और अभिनंदन किया। बागडे ने इस दौरान भारत के प्राचीन तक्षशिला, नालंदा, विक्रम विश्वविद्यालय आदि की चर्चा करते हुए कहा कि शैक्षिक क्षेत्र में आरम्भ से ही भारत विश्व भर में अग्रणी रहा है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा व्यवसाय नहीं बल्कि पवित्र कार्य है। शिक्षा प्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं का आह्वान किया कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए राष्ट्र को विश्व भर में अग्रणी बनाने का कार्य करे। उन्होंने आर्यभट्ट, पाणिनि, भास्कराचार्य आदि की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने वैज्ञानिक और जीवन व्यवहार, भाषा के जो सूत्र प्रदान किए, उसी को बाद में आधुनिक रूप में पश्चिम के देशों ने प्रस्तुत किया। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में बौद्धिक क्षमता विकास के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के संबंध में नई पीढ़ी को जागरुक किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्व को सबसे पहले जीरो का ज्ञान भारत ने दिया इसी से अन्य देशों में गिनती की शुरुआत हुई।

## अजमेर में अब होगी सड़कों की एक एजेन्सी, एडीए को सौंपी जाएगी सभी सड़कें- देवनानी

### अजमेर में सड़कों की स्थिति पर विधानसभा अध्यक्ष हुए नाराज, कहा कोताही बर्दाश्त नहीं होगी– एक साल में बनी सभी सड़कों व नालों का होगा थर्ड पार्टी निरीक्षण– काम नहीं करने वाले ठेकेदारों पर लगेगी पेनल्टी, अफसरों की भी होगी जवाबदेही तय



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर में सड़कों व नालों के विकास के लिए सख्त रूख अपनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि शहर की सभी सड़कों के रखरखाव एवं निर्माण के लिए एक ही एजेन्सी अजमेर विकास प्राधिकरण जिम्मेदार होगी। इसके लिए जल्द प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति ली जाएगी। इसी तरह पिछले एक साल में बने सभी नालों और सड़कों की थर्ड पार्टी जांच होगी। कमियां मिलने पर संबंधित ठेकेदार और अफसरों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। शहर को विभिन्न सेक्टरों में बांटकर विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर सर्किट हाऊस में बैठक लेकर शहर में सड़कों और नालों की स्थिति की समीक्षा की तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर लोक बन्धु, नगर निगम आयुक्त देशलदान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शहर में अजमेर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, आरएसआरडीसी व अन्य एजेंसियों की सड़कें हैं। अलग-अलग एजेंसियों की सड़कें होने से रखरखाव एवं निर्माण को लेकर आपसी समन्वय की कमी आती है। ऐसे में सभी सड़कें एडीए को सौंपी जाए ताकि एक ही एजेन्सी होने से कामकाज में किसी तरह की परेशानी नहीं आए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया स्व. ईश्वर राम हिंडाला की मूर्ति का अनावरण

# किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार, 2027 तक किसानों को देंगे दिन में बिजली- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सीकर जिले के दांतारामगढ़ स्थित प्रेमपुरा में आयोजित समारोह में गौ सेवक स्व. ईश्वर राम हिंडाला की मूर्ति का अनावरण कर जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने हिंडाला के सामाजिक योगदान, गौ सेवा और किसान कल्याण के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

शर्मा ने कहा कि किसान अन्नदाता है और हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए हर क्षेत्र में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसान सम्मान निधि में वृद्धि के साथ-साथ हम वर्ष 2027 तक कृषि के लिए दिन में बिजली आपूर्ति और शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल में पेपर लीक जैसी घटनाओं पर



पूर्ण रूप से अंकुश लगाते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती परीक्षाएं आयोजित की है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही, दांतारामगढ़ की गौरवशाली परंपरा को याद करते हुए पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के योगदान का भी स्मरण किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय हिंडाला की धर्मपत्नी तारा देवी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया, वहीं संत-महात्माओं ने शर्मा को भगवा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। समारोह में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, राज्य




सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, विधायकगण गोरधन वर्मा, सुभाष मील एवं बालमुकुंदाचार्य सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आबूरोड में ब्रह्माकुमारी संस्थान के कार्यक्रम में लिया भाग

### हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने की अगवानी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सिरोही जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। उन्होंने आबूरोड़ स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में चल रहे पांच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित किया तथा देशव्यापी 'स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण' अभियान शुरू किया।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना के जवान और साधकों में फर्क नहीं है। सेना के जवान देश की रक्षा करते हैं, वहीं साधक तपस्या करके बुराइयों से दूर रहने का प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साधक में एक सैनिक और एक सैनिक में साधक विद्यमान रहता है। सैनिक और साधक दोनो एक बेहतरीन सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना के लिए कार्य करते हैं।

उन्होंने योग, अध्यात्म, सेना, अर्थव्यवस्था तथा आत्म सशक्तिकरण पर बात की। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मकुमारी संस्थान और भारतीय सेना के बीच एक



एमओयू हस्ता?क्षरित किया गया जिसके तहत सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा सेना के सेवानिवृत अधिकारी और जवानों के लिए हर माह स्व सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

इससे पहले रक्षा मंत्री ने संस्थान की मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हेलीपेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया स्वागत

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सोमवार को मानपुर हवाई पट्टी पहुचने पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने अगवानी की तथा स्वागत किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जिला प्रभारी मंत्री के.के. बिश्नोई, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, आबू-पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

फागी में संत धन्ना भगत जी जयन्ती महोत्सव

# हमारी सरकार करवाएगी 6 हजार वरिष्ठजन को हवाई मार्ग, 50 हजार को एसी ट्रेन से तीर्थयात्रा - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### संत धन्ना भगत ने मानव कल्याण के लिए किया कार्य

### उनकी रचनाओं से समाज में व्याप्त बुराइया हुई दूर

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया विकास के साथ विरासत का मंत्र

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि धन्ना भगत जी का संत परंपरा में विशिष्ट स्थान रहा है। उन्होंने भक्ति मार्ग को अपनाते हुए मानव-मात्र की सेवा की तथा कर्म पर उसी तरह जोर दिया, जैसे भगवान श्रीकृष्ण जी ने गीता में अपने संदेश में दिया है। शर्मा ने कहा कि धन्ना भगत जी ने जात-पात का विरोध किया और अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया।

शर्मा सोमवार को जयपुर जिले के फागी में संत धन्ना भगत जी की जन्म स्थली नोखा-नाड़ी में उनके जयन्ती महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत धन्ना भगत जी ने मानव कल्याण के लिए जो शिक्षाएं दी हैं, वे आज भी प्रासंगिक हैं। धन्ना भगत जी ऐसे संत हैं, जिनके प्रति हिंदुओं के साथ-साथ हमारे सिख भाई-बहन भी श्रद्धा रखते हैं।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन का स्वर्णकाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में सनातन का स्वर्णकाल चल रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सनातनी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जितना काम हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। पिछले साल ही प्रधानमंत्री के कर



कमलों से अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और 500 साल का इंतजार पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम वैभव निखरा और उज्जैन में महाकाल के महालोक का निर्माण हुआ। साथ ही, सोमनाथ का विकास हुआ और केदार घाटी का पुनर्निर्माण हुआ।

### पुजारियों को अब 7500 रुपये का मानदेय

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमने नवीनतम बजट में धार्मिक स्थलों के लिए अहम घोषणाएं की हैं। राज्य सरकार 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से यात्रा कराएगी। इसके अतिरिक्त 50 हजार वरिष्ठजनों को ए.सी. ट्रेन से तीर्थ यात्रा भी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित विभिन्न मंदिरों के उन्नयन हेतु 101 करोड़ रुपये तथा देवस्थान विभाग के अधीन राज्य के बाहर स्थित मंदिरों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से कार्य करवाए जाएंगे। राज्य सरकार ने मंदिरों में भोग की राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह एवं पुजारियों का मानदेय बढ़ाकर 7 हजार 500 रुपये प्रतिमाह भी किया है।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने कहा की संत धन्ना भगत समाज में समानता, सरलता और सच्ची आस्था के प्रतीक थे। उन्होंने गौ सेवा को भी अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया था। डॉ. बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के यशस्वी नेतृत्व में राजस्थान विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर हो रहा है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने धन्ना भगत जी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जिला प्रमुख श्रीमती रमा चोपड़ा, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, अध्यक्ष धन्ना भगत समिति नारायण डूडी सहित जनप्रतिनिधिगण, साधु-संत एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## जयपुर जिला कलक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने घर-घर जाकर किया पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण

### उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदार ने एक हजार से अधिक घरों में लिया जायजा

### शहर एवं गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आमजन से लिया फीडबैक



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले के सभी उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों ने सोमवार को एक हजार से भी अधिक घरों में जाकर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से पेयजल आपूर्ति, पेयजल की गुणवत्ता का फीडबैक भी लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में सोमवार को जिले के उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदार ने घर-घर जाकर पेयजल आपूर्ति का निरीक्षण किया। साथ ही टेल एंड घरों में पानी के दबाव की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेयजल आपूर्ति एवं गुणवत्ता के साथ-साथ इलाके में अवैध एवं अनाधिकृत कनेक्शनों एवं पाइप लाइन में लीकेज की समस्या की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के संबंधित अधिकारियों को अवैध एवं अनाधिकृत कनेक्शनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने एवं पाइप लाइन में लीकेज की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश जारी किये।

## अजमेर की पेयजल व्यवस्था होगी सुदृढ, 270 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी- देवनानी

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया वार्ड 66 में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ– पार्क में बच्चों को झूले, कुंए पर जालिया और क्षेत्र को मिली सड़क



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि हम अजमेर को सुविकसित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। अजमेर उत्तर क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए नसीराबाद से नौसर पाईपलाइन तथा तीन सर्विस रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ रूपए की महत्वपूर्ण परियोजना की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। इसके साथ ही अजमेर को शिक्षा, रोजगार, पर्यटन, खेल, सड़क और बिजली आदि के क्षेत्र में विकसित बनाने पर भी सैकड़ों करोड़ रूपए खर्च होंगे। इसके लिए योजनाबद्ध और समयबद्ध रूप से काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में अजमेर राज्य के बड़े शहरों की कतार में आगे खड़ा दिखेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर में वार्ड 66 के सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में क्षेत्र में पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। उन्होंने वाचनालय, सीसी सड़कों, नालियों, झूलों और कुओं पर लोहे के जाल कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरी नगर और दाता नगर स्थित पुराने कुओं पर सुरक्षा हेतु लगाए गए लोहे के जाल का लोकार्पण किया गया। वहीं, पार्क नंबर 2 सहित अन्य पार्कों में बच्चों के झूलों के पुनर्निर्माण कार्य को भी जनता को समर्पित किया गया। राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 20 लाख रुपए की लागत से सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पास डामर सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर में लंबे समय से पेयजल की समस्या रही है। हमने नई सरकार गठन होते ही इसके समाधान के लिए काम किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पेयजल व्यवस्था के लिए नसीराबाद से नौसर तक पेयजल लाईन तथा कोटड़ा, पृथ्वीराज नगर एवं लोहागल में तीन सर्विस रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ रूपए की घोषणा की। इस बजट घोषणा की पालना में वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है, जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू होगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।